* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 342

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महालया
आज



सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# आजादी का बिगुल फूंकने वाले
## अमर शहीदों के झारखण्ड में

## श्री नरेन्द्र मोदी
### माननीय प्रधानमंत्री

## जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

### 2 अक्टूबर, 2024



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 337911 (IPRD) 24-25

# जिसे कोड़ा दंपति ने तराशा, आज उसी से चुनावी लोहा लेना पड़ रहा है

## ■ लोकप्रियता कम नहीं है, लेकिन पांच सालों में जनता के बीच उनकी उपस्थिति कम रही

## ■ झामुमो-कांग्रेस की रणनीति को भेदना बड़ा चैलेंज है कोड़ा दंपति के लिए

**आजाद सिपाही विशेष | कोल्हान का रण पार्ट-3**

**चाइबासा की राजनीतिक जमीन और वहां की राजनीतिक संभावनाओं को टटोलने के बाद, आजाद सिपाही की टीम पहुंच गयी जगन्नाथपुर। जगन्नाथपुर जाने के क्रम में कई गांवों में हम रुके। लोगों का मन टटोला। यहां हो जाति के आदिवासी ज्यादा हैं। हो जाति की आदिवासी महिलाओं का पहनावा संथाली महिलाओं से अलग है। इन गावों के भ्रमण के दौरान एक घर की तस्वीर ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छोटा खुला मिट्टी का घर। संसाधन भी नगण्य, खाने-पीने का भी अभाव दिखाई पड़ा। वहां तीन छोटे-छोटे बच्चे दिखे। एक बच्ची के हाथों में किताब थी वह पढ़ाई कर रही थी। दो बच्चों के तन पर कपड़े नहीं थे। सिर्फ पैंट पहन रखी थी उन्होंने। किसी ने सच ही कहा है कि जिसे विद्या चाहिए, वह कहीं से भी हासिल कर लेता है। बड़ा ही भावुक दृश्य। हमारी टीम जगन्नाथपुर के करीब पहुंच रही थी। सिरिंग्सिया घाटी के खत्म होते ही एक बाजार दिखा। वहां कई प्रकार के मशरूम ग्रामीण बेच रहे थे। वैराइटीज इतनी कि शहरों में कभी देखी नहीं। करीब 10 प्रकार के मशरूम थे वहां। इसे ग्रामीण छत्तू बोल रहे थे। उसका पूरा वीडियो आप आजाद सिपाही के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। बड़े ही ईमानदार लोग थे। वाजिब दाम और ताजा मशरूम्स। ये मतदाता भी थे। कुछ तीर धनुष वाले थे तो कुछ भाजपा के। इनमें कुछ महतो भी थे। वे भाजपा के वोटर्स थे। जैसे ही हम जगन्नाथपुर पहुंचे, वहां का नजारा ही कुछ और था। शहर पोस्टरों से पटा पड़ा था। लग रहा था कि कोई पोस्टर वॉर छिड़ा हो। कहीं भाजपा की परिवर्तन यात्रा के पोस्टर्स तो कहीं मंईयां सम्मान योजना के पोस्टर्स ,तो कहीं कांग्रेस जेएमएम के झंडे तो कहीं भाजपा के झंडे। शहर में कदम रखते ही पता चल गया कि यहां चुनावी गर्मी ज्यादा है। यहां मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के नामों की चर्चा तो हो ही रही थी, सोनाराम सिंकू भी छाये हुए थे। इसलिए नहीं कि वह वहां के विधायक हैं, बल्कि इसलिए कि बनाया तो उन्हें मधु कोड़ा ने ही है। यहां कोड़ा दंपत्ति का मुकाबला उनके खुद की साख से है। उनके द्वारा बनायी गयी खुद की ताकत से है। लोकसभा अगर गीता कोड़ा हारीं, तो उसके पीछे भी कई कहानी है। क्या है जगन्नाथपुर की राजनीतिक तस्वीर और स्थिति बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

जगन्नाथपुर का चौराहा। राजनीतिक दलों के पोस्टर्स और झंडों से भरा हुआ। गाड़ी से उतरा तो यहां काफी संख्या में कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता दिखे। पता चला कि कल्पना सोरेन आ रही हैं। चार बजे सभा होनी है। उसमें करीब चार घंटे का वक्त था। लेकिन जेएमएम कार्यकर्ता चार घंटा पहले से उनके आने की तैयारी में लगे हुए थे। इससे यह आभास हुआ कि जेएमएम कार्यकर्ताओं में कल्पना सोरेन को लेकर कितना उत्साह है। मैंने सोचा कि पहले क्षेत्र घुमा जाये। जनता से बातचीत के क्रम में पता चला कि चौक पर जो दुकानें थीं, उनमें 90 प्रतिशत दुकानें किसी खास वर्ग से थीं। वे खास दल के समर्थक भी थे। वहां पर हमने कुछ-कुछ का मन टटोला। लेकिन सच्चाई से अलग एक-दूसरे के प्रति घृणा का भाव ही ज्यादा दिखा। हम उससे कुछ आगे बढ़े। वह इलाका मुसलिम मतदाता बहुल था। जितने भी मुस्लिम मतदाताओं से मैंने बात की, सभी ने गीता कोड़ा द्वारा क्षेत्र में किये गये कामों की सराहना की। उनका कहना था कि उन्होंने बेहतरीन काम किया है। भले हम लोग मुसलमान हैं और वह भाजपा में चली गयी हैं, लेकिन उनके द्वारा किये गये कामों को नकारा नहीं जा सकता। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बहुत काम किया है। हां उनकी शिकायत यह जरूर थी कि पार्टी बदल कर उन्होंने अच्छा नहीं किया। उनका कहना था कि गीता कोड़ा को भाजपा में नहीं जान चाहिए था। मैंने पूछा अगर काम किया है, तो पार्टी बदलने से क्या फर्क पड़ना चाहिए। उनका कहना था कि नहीं फर्क तो पड़ता ही है। उन्होंने कहा कि आपने देखा नहीं, जब गीता कोड़ा कांग्रेस में थीं और महागठबंधन की उम्मीदवार थीं तो कैसे उन्होंने लोकसभा चुनाव में तहलका मचा दिया, लेकिन वही जब भाजपा में गयीं तो कैसे लोकसभा चुनाव में उनकी हार हो गयी।

उसके बाद हमने प्रसंग बदल दिया। फिर दूसरे लोगों से बात छिड़ गयी कि क्या कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू को टिकट मिलेगा या फिर यहां जेएमएम उम्मीदवार देगा। उस पर इंडी एलायंस के वोटर्स का कहना था कि सोनाराम सिंकू ने बेहतरीन काम किया है। क्षेत्र में मोटर साइकिल से भी घूम-घूम कर लोगों की मदद करते रहते हैं। सोनाराम सिंकू के बारे में लोगों का कहना है कि वह न दिन देखते हैं न रात, वह अपने क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।

लेकिन इस सीट पर एक अलग ही दावा चल रहा है। जेएमएम समर्थक कहते हैं कि यह सीट जेएमएम को मिलनी चाहिए और मंगल सिंह बोबोंगा को मिलनी चाहिए। क्योंकि मधु कोड़ा को टक्कर यही देते थे। वहीं कांग्रेस वाले सोनाराम सिंकू का पक्ष रखते हैं। लेकिन कई मुस्लिम मतदाता मिले, जिन्होंने कांग्रेस से ज्यादा जेएमएम को तरजीह दी। इससे यह पता चला कि जेएमएम का संगठन कितना मजबूत हो गया है कोल्हान में। वैसे सोनाराम सिंकू के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विधायकी मधु कोड़ा की बदौलत जीती। लेकिन आज यही सोनाराम सिंकू कोड़ा दंपति के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। वहीं मधु कोड़ा के बारे में लोग कहते हैं कि जिस राजनीतिक पिच पर गीता कोड़ा बैटिंग कर रही हैं, वह मधु कोड़ा द्वारा ही बनायी गयी है। जितनी पकड़ इस क्षेत्र में मधु कोड़ा की है शायद ही किसी की हो। लेकिन लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा की हार ने मधु कोड़ा की राजनीतिक पकड़ पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। तह तक जाने में पता चला कि यहां खेल कुछ और ही चल रहा था। गीता कोड़ा की हार में बहुत बड़ा रोल एक व्यक्ति का था, जिसने मधु कोड़ा को कह दिया कि आपकी छवि से लोगों में नाराजगी है, आप ज्यादा मत घूमिये। मधु कोड़ा इस चाल को समझ नहीं पाये। वहीं दीपक बिरुआ जो चाइबासा से विधायक हैं और अब मंत्री, ने जोबा मांझी के लिए ऐसी रणनीति बना डाली कि कोड़ा दंपति इसे भेद नहीं सका। चुनाव का चेहरा जोबा मांझी जरूर थीं, लेकिन लड़ रहे थे दीपक बिरुआ ही। हर विधानसभा सीट पर हर एक पहलू पर काम किया गया था। यहां तक कि गांव के प्रमुख व्यक्तियों तक पहुंच बनायी गयी थी, जिनकी अहम भूमिका रहती है चुनाव में। बूथ पर तो मानो एक कम्पटीशन लग गया था कि कौन बेहतर काम करे। दीपक बिरुआ ने ऐसी सटीक रणनीति बनायी कि कोड़ा दंपति उसे भांप नहीं सके। इस रणनीति को मधु कोड़ा बिल्कुल भेद लेते, लेकिन लोगों का कहना है कि बीते पांच सालों से कोड़ा दंपति में अलग ही घमंड प्रवास करने लगा था। वे कार्यकर्ताओं और जनता से कट गये थे। उन्हें लगने लगा था कि काम की बदौलत जनता उन्हें वोट दे ही देगी। लेकिन जनता के बीच नजर नहीं आइयेगा, तो जनता भी पहचानने से इंकार कर देगी। जनता बहुत उम्मीद लेकर नेताओं के दरवाजे जाती है। अगर कुछ कर नहीं सकते तो कम से कम हौसला बढ़ाने के लिए मिल तो सकते ही हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व यह सब हुआ नहीं। उन्हें लगने लगा कि वह अब विधायक बनाने की हैसियत में आ चुके हैं। लेकिन जनता भी जनता है, तुरंत उन्हें जमीन दिखा दी।



हालांकि जनता आज भी गीता कोड़ा के पक्ष में है, लेकिन पार्टी बदलने से उनके कुछ वोटर्स नाराज हैं। लेकिन नाराजगी तो अपनी जगह है, रणनीति को भेदना इनके सामने बड़ा चैलेंज है। सिंहभूम लोकसभा सीट पर झामुमो की जोबा मांझी ने गीता कोड़ा को 1,68,402 वोटों से हराया। यह गीता कोड़ा जैसी शख्सियत के लिए बड़ी हार थी। लोगों का तो यहां तक कहना है कि गीता कोड़ा अगर आज भी निर्दलीय चुनाव लड़ जायें तो वह जीत जायें। लोकसभा चुनाव का परिणाम कोड़ा दंपति के लिए सबक था। इन्हें समझना होगा कि जेएमएम की क्या रणनीति रही। मधु कोड़ा को समझने के लिए यह बड़ी बात नहीं है कि किस रणनीति के तहत जेएमएम ने काम किया था। गांव में कुछ छुपता थोड़े है। सब बता देते हैं। हो जनजाति का बड़ा तबका गीता कोड़ा के साथ है। लेकिन उन्हें अपने मतदाता तक पहुंचने की जरूरत है। पुराने और नये कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित करने की जरूरत है। मधु कोड़ा को पुरानी स्टाइल अपनानी पड़ेगी, जहां वह ग्रामीणों से एक-एक कर मिलते थे। जानकारी वहीं से छन कर मिलती है। कौन प्रभावित कर रहा है, कैसे प्रभावित कर रहा है, यह भेद तो वहीं से खुलेगा। फिर उसके हिसाब से रणनीति बनानी पड़ेगी।

# सुशासन के लिए भाजपा की सरकार जरूरी: मोहन चरण माझी



- झारखंड में इस बार भाजपा, कांग्रेस और राजद का होगा सफाया, बनेगी डबल इंजन की सरकार
- राज्य में सरकार बनते ही 2.87 लाख सरकारी पद भरेगी भाजपा, युवाओं को मिलेगा रोजगार
- भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा ।** कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हुए। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में इस बार झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार का सफाया होने वाला है और राज्य में डबल इंजन की भाजपा सरकार आने वाली है। मांझी ने आगे कहा कि केंद्र और राज्य में अगर भाजपा की सरकार रहेगी, तो राज्य और राज्य की जनता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो 2 लाख 87 हजार सरकारी पद भरने के लिए तुरंत निर्णय लिया जायेगा। भाजपा की सरकार बनते ही दिसंबर महीन से महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपये डाला जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर दिया जायेगा। हर घर में टॉयलेट होगा। नल के जरिए हर घर में पानी पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कुशासन का अंत करना और विकास करना है तो भाजपा की सरकार राज्य में बनानी जरूरी है।

# हेमंत सरकार ने पांच साल तक सिर्फ जनता को छला: बाबूलाल

- पांच लाख युवाओं को नौकरी, झामुमो का यह वादा झूठा निकला
- जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के राज में झारखंड बना लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा ।** कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा में मंगलवार को भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है, परिवर्तन होने वाला है। राज्य की गठबंधन सरकार ने पिछले पांच सालों में राज्य की जनता को सिर्फ लूटा है। जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड के जंगल, पत्थर और बालू से सिर्फ अपनी तिजोरी भरी है। राज्य में जमीन की हेराफेरी कर सिर्फ लूट मचायी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने इतना धन कमाया कि उनके नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपये का पहाड़ मिला। राज्य सरकार के पिछले पांच वर्षों के शासन काल में सिर्फ लूट हुई है। उन्होंने आह्वान किया कि इस सरकार को बदलना है।

बाबूलाल मरांडी ने गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी पर कहा कि 2019 में जब चुनाव हुए थे, तब हेमंत सोरेन ने कहा था कि जब हमारी सरकार बनेगी, तो गरीबों को सालाना 72 हजार रुपये देंगे। यह वादा हेमंत सोरेन ने किया था, भाजपा ने नहीं। उन्होंने कहा था कि महिलाओं को चूल्हा खर्च के लिए 2 हजार रुपये देंगे, लेकिन मिला क्या? यदि हेमंत सोरेन यह 2 हजार रुपये दे देते, तो आज महिलाओं के पास 1 लाख 20 हजार रुपये होते, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा कि गठबंधन सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को 2500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था। यदि यह पैसा दिया गया होता, तो 5 साल में यह 1.5 लाख रुपये हो जाता, लेकिन जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने राज्य के बुजुर्गों, गरीबों, युवाओं और विधवा महिलाओं को ठगने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने ही वादा किया था कि शादी के लिए लड़कियों को सोने का सिक्का देंगे। सोने का सिक्का तो दूर, किसी को चांदी का सिक्का तक नसीब नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव निकट है, इसलिए हेमंत सोरेन 1 हजार रुपये महिलाओं के खाते में डाल कर जनता के बीच चारा डाल रहे हैं। अब हमें हेमंत सोरेन के जाल में नहीं फंसना है।

उन्होंने कहा कि 2019 में जब जेएमएम की सरकार बनने वाली थी, तब युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया गया था, और कहा गया था कि यदि नौकरी नहीं देंगे, तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। लेकिन ऐसा हुआ क्या? इस हेमंत सरकार ने युवाओं को नौकरी देने के नाम पर हाल ही में उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं को दौड़ाकर उनकी जान ले ली। इसलिए राज्य की इस सरकार को हटाने और झारखंड में विकास करने के लिए यह यात्रा चलती रहेगी, जब तक परिवर्तन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस जनता को ठगती है, लेकिन भाजपा जो कहती है, वह करती है।

### राज्य स्तरीय जल सहिया क्षमतावर्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

# सीएम ने जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन के लिए डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये भेजे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जलसहिया दीदियों की समस्याओं को हमारी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए उन्हें उनका हक और अधिकार दे रही है। जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है। हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का काम कर रही है। हमारी सरकार ने ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदियों की मानदेय राशि को बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रतिमाह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के वृद्धजन, महिलाएं, नौजवान युवक-युवतियां, स्कूलों में अध्ययनरत बच्चियों के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ उनके समग्र विकास की दिशा में एक लंबी लकीर खींचने का प्रयास किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आप सभी जलसहिया दीदियों के माध्यम से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप याद कीजिए वह दिन जब पूर्व की सरकार में छोटे से कार्यकाल के भीतर मेरे मंत्री रहते आप सभी जलसहिया दीदियों की नियुक्ति हुई थी। आपकी समस्याओं को मुझसे ज्यादा कोई नहीं समझ सकता है।




### स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर कई कार्य योजना तैयार की गयी है। राज्य सरकार द्वारा कहीं टंकी, कहीं बोरिंग, कहीं पाइपलाइन के जरिए शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य हो रहा है। कई जगहों पर शिकायत मिल रही है कि ठेकेदार गड़बड़ी कर रहें हैं, इस पर नजर रखने, इसकी चौकीदारी करने के लिए जलसहिया दीदियों को जिम्मा मिलेगा। यह काम मजबूती से आपके हाथ में रहेगा। अब जो ठेकेदार गड़बड़ी करेगा, उसके खिलाफ आप शिकायत दर्ज करें, उस पर राज्य सरकार त्वरित कार्रवाई करने का काम करेगी।

### 12 हजार करोड़ फंड उपलब्ध कराया

मुख्यमंत्री के कहा कि अलग-अलग तरह से हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनायी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को पूर्व की सरकारों द्वारा मात्र 600 से 700 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया था। हमारी सरकार ने विगत 4 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोबाइल क्रय के लिए चेक प्रारूप का वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य जलसहियाओं, मुखिया एवं एसएचजी के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद, राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एमआर मीणा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची जलसहिया उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

02 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 342




### प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हजारीबाग तैयार

# मोदी आयेंगे, सौगात लायेंगे

- 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे
- भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में भी शामिल होंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को झारखंड का दौरा करेंगे। वह दोपहर करीब दो बजे हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन करेंगे और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला भी रखेंगे। इसके अलावा भाजपा द्वारा आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे। हजारीबाग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक और पार्टी के स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**झारखंड समेत 30 राज्यों को तोहफा:** प्रधानमंत्री 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,000 गांवों को शामिल करेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 25 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### सुरक्षा में तीन हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

प्रधानमंत्री हजारीबाग में विनोबा भावे विश्वविद्यालय से कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद वे मटवारी मैदान के लिए रवाना होंगे। वहां भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर हजारीबाग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। हजारीबाग में तीन हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। साथ ही सात एसपी, 45 डीएसपी, 100 इंस्पेक्टर और 400 सब इंस्पेक्टर भी तैनात किये जायेंगे। इसके अलावा रैप की दो कंपनी को भी लगाया गया है। पीएम के कार्यक्रम स्थल पर आने से पहले उनका कार्केड हजारीबाग पहुंच गया है। मंगलवार को उनके कार्केड ने यूनिवर्सिटी से गांधी मैदान आना जाना कर मॉक ड्रिल किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस और प्रशासन के लोग सड़क किनारे खड़े रहे। कार्केड में एंबुलेंस के साथ एक दर्जन गाडियां शामिल थीं। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने रांची से एक सुजुकी कंपनी का स्पेशल वाहन मंगाया है। सूत्रों की मानें तो पीएम इसी गाड़ी से मटवारी गांधी मैदान सभास्थल का चक्कर लगा लोगों का अभिवादन करेंगे। यह वाहन पांच सीट का है।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- 1:10 बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग।
- 1:30 बजे हजारीबाग के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना।
- 1:55 बजे हजारीबाग में जेपीए हेलीपैड पर लैंडिंग।
- 2:00 बजे विनोवा भावे विवि में सरकारी कार्यक्रम।
- 2:45 बजे मटवारी कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना।
- 5:05 बजे हेलीपैड से रांची के लिए रवाना।
- 5:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन।
- 5:45 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना।

## तिरुपति लड्डू विवाद: एसआइटी जांच रोकी गयी

**तिरुपति (आजाद सिपाही)।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले की एसआइटी जांच रोक दी गयी है। राज्य के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने यह जानकारी दी है। डीजीपी राव ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी, इसलिए तब तक एसआइटी जांच नहीं की जायेगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक ये तय किया जायेगा कि एसआइटी जांच को आगे बढ़ाना है या नहीं।

## यूपी में 39,000 कर्मचारियों का वेतन रोका गया

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** उत्तरप्रदेश सरकार के 39,000 कर्मचारियों को इस महीने वेतन नहीं दिया जायेगा। क्योंकि इन कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में में कुल 8,46,640 राज्यकर्मी हैं। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया था। इसके लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। इनमें से 7,88,506 कर्मचारियों ने ही संपत्ति का ब्यौरा दिया था।

### नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले सीएम ने रखी मांग

# प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे, हमारा हक 1.36 लाख करोड़ लौटायें: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट
- एक दिन पहले झामुमो ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखा था



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र से बकाया राशि देने की मांग लगातार कर रहे हैं। वह हर मंच से केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया होने की बात रख रहे हैं और केंद्र से देने की मांग कर रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को हजारीबाग आगमन से पहले एक बार फिर हेमंत ने इसे लेकर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री 2 अक्तूबर को झारखंड आ रहे हैं। हमारे हक का 1.36 लाख करोड़ रुपया लौटायें।

**प्रधानमंत्री के नाम खुला पत्र:** गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले झामुमो ने 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया को लेकर 'प्रधानमंत्री के नाम खुला पत्र' लिखा। इसमें लिखा था कि 1.26 लाख करोड़ रुपये कब मिलेगा? पत्र में कोयला कंपनियों पर बकाया रकम के दावे का ब्रेकअप भी दिया है। इसके एक दिन बाद यानी मंगलवार को 10.30 बजे मुख्यमंत्री ने इसे शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर फिर पोस्ट किया।

### झारखंड के लोगों का अधिकार है

हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ये पैसा केंद्रीय कोल कंपनियों के अधिकार में है। ये राशि नहीं प्राप्त होने पर झारखंड की तरक्की में रुकावट हो रही है। ये अधिकार पूरे झारखंड के लोगों का है। ये हमारे परिश्रम, हमारी भूमि का पैसा है। इस पर बात करने के लिए मुझे बिना मतलब के ही जेल में रखा गया। पीएम मोदी कल (02 अक्तूबर) झारखंड का दौरा करेंगे। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे हमारे अधिकार को हमें वापस करेंगे।

### असम के मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर फिर साधा निशाना

# झामुमो और कांग्रेस सरकार नहीं बना पायेगी: हिमंता

- कहा, 3 अक्तूबर को जारी होगा भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र
- भाजपा की परिवर्तन यात्रा को बताया सफल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को झामुमो और कांग्रेस पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाये, झारखंड में झामुमो और कांग्रेस किसी भी स्थिति में सरकार नहीं बना पायेगी। सरमा ने कहा कि ये लोग बार-बार पूछ रहे हैं कि आपने (भाजपा) क्या दिया? साहब, सत्ता में आप हैं, मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आप बैठे हैं, और पूछते हमसे हैं कि आपने सूबे की जनता को क्या दिया। सरमा ने कहा कि सूबे की जनता को देना हमारा नहीं, बल्कि आपका (झामुमो) काम है। सत्ता में आप हैं, ना की हम, तो देने की जिम्मेदारी आपकी है, ना की हमारी। एक बार आप हमें सत्ता में बैठा कर तो देखिये, फिर बताते हैं कि हम सूबे की जनता को क्या दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपना चुनावी घोषणा पत्र 3 अक्तूबर को जारी करेंगे।

**हेमंत सोरेन पर साधा निशाना:** सरमा ने कहा कि यह जान कर हैरानी होती है कि आप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान होने के बावजूद दूसरों से मांग रहे हैं। यानी की आप यह बात खुद ही स्वीकार कर चुके हैं कि आप में लोगों को देने की क्षमता नहीं है। आप में यह क्षमता नहीं है कि प्रदेश के लोगों का विकास कर सकें। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बावजूद आप यह सवाल करेंगे कि आपने (बीजेपी) दिया क्या?, तो इससे साफ जाहिर होता है कि आप लोगों में प्रदेश के लोगों के लिए कुछ भी करने की इच्छा नहीं है। आप सिर्फ शासन करने की औपचारिकताएं ही निभा रहे हैं।

### परिवर्तन यात्रा की समाप्ति में पीएम मोदी रहेंगे मौजूद

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पूरे झारखंड में परिवर्तन यात्रा निकाली थी। यह यात्रा सफल रही। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसमें शिरकत की। भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा की समाप्ति होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। हम अपना चुनावी घोषणापत्र 3 अक्टूबर को जारी करेंगे।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी ऐतिहासिक: आदित्य साहू

**पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**

**सांसद मनीष जायसवाल ने किया आवाह्न, पीएम की सभा में अधिक से अधिक संख्या में हो शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए हजारीबाग प्रमंडलीय प्रभारी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर हजारीबाग प्रमंडल तैयार है। क्षेत्र की जनता को प्रधानमंत्री का इंतजार है। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गांव गांव से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोगों में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकरे खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकास कार्यक्रमों को लेकर आम जनता उत्साहित है। हेमंत सरकार की लूट, भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टिकरण से जनता निजात पाना चाहती है। लोगों में कांग्रेस, झामुमो और राजद के प्रति बेहद गुस्सा देखा जा रहा है।

श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग में आयोजित तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जिसमें बिनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर के बिनोदिनी पार्क में होने वाले पहले सरकारी कार्यक्रम में वह कई राष्ट्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात पीएम नरेंद्र मोदी मटवारी मैदान पहुंचेंगे जहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे और भाजपा की परिवर्तन यात्रा का परिवर्तन महासभा के माध्यम से समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हजारीबाग आगमन बड़ी सौगात है। एक साथ यहां कई कार्यक्रमों में उनका भाग लेना हजारीबाग के लिए बड़ा दिन है। पीएम नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर विश्वविद्यालय से लेकर गांधी मैदान तक सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल के साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहे और हरेक मार्ग को फ्लेक्स पोस्टर और बीजेपी झंडा से पाट दिया गया है। पीएम मोदी के स्वागत के लिए हजारीबाग को दुल्हन की तरह सजाया गया है और जनता उनके आगमन को लेकर काफी उत्साहित है।

पीएम नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर एक सप्ताह से लगातार सांसद मनीष जयसवाल संपर्क अभियान में लगे हुए हैं। वह जगह-जगह बैठक कर लोगों को सभा में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। इस क्रम में सोमवार की देर रात्रि तक कार्यक्रम स्थल में जम रहे और फिर मंगलवार की अहले सुबह से लेकर देर रात तक कार्यक्रम के सफल संचालन और कार्यक्रम स्थल में जन-सुविधा मुहैया करने को लेकर निरीक्षण करते रहे। पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बिनोदिनी पार्क का राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, यूपी की राज्यसभा सांसद सह भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदर विधानसभा प्रभारी आरती कुजूर, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता आनंद देव, अरविंद जी सिकरवार, जीतू जैन, दामोदर सिंह, विवेक जोशी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने निरीक्षण कर जायजा लिया और तैयारी पूर्ण होने की बात कही। आह्वान किया कि आमजन सभा में आयें।

### स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरी

हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर एसोपी तैयार किया जाता है। उस एसोपी पर अक्षर सह अमल करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता होती है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग में तैयारी पूरी कर ली है। कार्यक्रम स्थल पर जो पहुंचेंगे उनका भी थर्मो स्कैनिंग करके ही कार्यक्रम स्थल में भेजा जायेगा। प्रवेश द्वार पर दो-दो टीम दोनों जगह पर रहेगी। जो भी व्यक्ति आयेंगे उन्हें मास्क भी दिया जायेगा। साथ ही सैनिटाइजर की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हजारीबाग में आ रहे हैं यह उत्साह की बात है। सकुशल कार्यक्रम संपन्न हो इसे लेकर तैयारी चल रही है। जानिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कैसे दिया जाता है भोजन, कौन पदाधिकारी की उपस्थिति में उपलब्ध कराया जायेगा भोजन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में दो कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री क्या खाना खायेंगे क्या पंगे इसे लेकर भी विशेष तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से फूड सेफ्टी ऑफिसर को जिम्मेदारी सौंप गयी है। इसे लेकर राज्य से दो अतिरिक्त पदाधिकारी की मांग की गयी है। चतरा और रामगढ़ से दो फूड सेफ्टी ऑफिसर को इसके लिए प्रतिनिधित्व किया गया है। फूड सेफ्टी ऑफिसर की उपस्थिति में ही हर एक सामान की खरीदारी होगी।

## डांडिया कार्यक्रम का पोस्टर भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने किया लांच



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ युवा हजारीबाग द्वारा इस वर्ष डांडिया कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्चिंग भारतीय जनता पार्टी के नेता हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में किया, कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर को स्टेशन क्लब, हजारीबाग के प्रांगण में किया जायेगा, जहां शहर और आस-पास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के दिन हर्ष अजमेरा को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। पोस्टर लॉन्चिंग के दौरान इनर व्हील क्लब ऑफ युवा की अध्यक्ष सरिता खंडेलवाल के साथ परीता खंडेलवाल तांबी, पुनीत कौर और सोमा डे अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाल शामिल रहीं। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की इनर व्हील क्लब द्वारा समाज में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करता हूं और क्लब के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे, साथ ही पार्किंग और प्रबंधन की भी विशेष व्यवस्था की गयी है ताकि सभी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, जिनमें स्थानीय और पारंपरिक भोजन का विशेष आकर्षण रहेगा। इनर व्हील क्लब ऑफ युवा हजारीबाग की अध्यक्ष सरिता खंडेलवाल ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज में सौहार्द और सामूहिकता का माहौल बनाना है। डांडिया न केवल एक नृत्य है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक उत्सवों का हिस्सा भी है, और हमें खुशी है कि हम इस आयोजन के माध्यम से लोगों को एक साथ ला रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर 2024 को संध्या 06 बजें से स्टेशन क्लब, हजारीबाग में किया जायेगा। सभी सदस्यों और शहरवासियों से अनुरोध किया जाता है कि वे इस सांस्कृतिक उत्सव में भाग लें और इसे सफल बनायें। टिकट का शुल्क महज 200 रखा गया है।

## नवलशाही के थाना प्रभारी बने शशिभूषण कुमार



**नवलशाही (आजाद सिपाही)।** नवलशाही में नये थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने 14वे थाना प्रभारी के रुप में प्रभार लिया। उन्होंने बात करते हुए सबसे पहले बात चीत के दौरान कहा कि थाना क्षेत्र में सबसे पहले शांति व्यवस्था बनाये रखना है। आम जनता की जो भी समस्या हो सीधे हम से सम्पर्क करें। अवैध काम करने वाले लोगों का बक्शा नही जायेगा। साथ ही क्षेत्र में भयमुक्त, शांति एवं सुरक्षित माहौल बनाये रखने का प्रयास हमेशा रहेगा। किसी भी प्रकार की चोरी पर रोक लगाने की कोशिश होगी। साथ ही क्षेत्र की जनता को सम्मान देना हमारा कर्तव्य रहेगा।

## बड़े शिवलिंग की तरह भव्य दिखेगा मरकच्चो दुर्गा मंदिर का पंडाल



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो का दुर्गा मंदिर का पंडाल इस बार बड़े शिवलिंग की भांति नजर आएगा। मंदिर समिति ने इस बार पंडाल का रूप बड़े शिव लिंग की तरह बनवा रही है। पंडाल का काम चल रहा है। झुमरी तिलैया के सूयार्लाइट एन्ड डेकोरेटर्स के द्वारा पण्डाल रूपी मंदिर को भव्य रूप से बनाया जा रहा है जो आकर्षण का केंद्र होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार सार्वजनिक दुर्गा मंदिर का पंडाल बड़े शिवलिंग जैसे बनाया जा रहा है जिसमें सूर्या लाइट एन्ड डेकोरेशन के 10 कारीगर दिन रात मेहनत कर बड़े शिवलिंग मंदिर का रूप देने में लगे हैं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल महामुकाबले में तिलरा की टीम विजय




**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका खेल मैदान में 18 सितंबर से लगातर खेली जाने वाली नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को इचाक प्रखंड के तिलरा और दारू प्रखंड के गाड़ी साड़म के बीच खेला गया। बता दे कि इस खेल में कुल 76 टीमों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि श्रद्धानंद सिंह ने खेल का शुभारंभ किक मारकर किया। इसके पूर्व हनुमान चालीसा के पाठ और राष्ट्रीय गान गाया गया। खेल समय अवधि के दौरान दोनों टीम बराबर पर रहे। प्लेंटी सूट के माध्यम से तिलरा की टीम 4-2से विजय हुई। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 25000 नगद और ट्रॉफी वही उपविजेता को 15000 नकद और ट्रॉफी वितरण कर सम्मानित किया। इस मौके पर बटेश्वर मेहता, दारू प्रखंड के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, महामंत्री संजय कुमार, सोनी कुशवाहा, इंद्र पासवान, संतोष पासवान, संदीप प्रसाद, सुमित कुमार, कृष्ण कुमार, बीरेंद्र यादव, बसंत सिंह, सुरेश प्रसाद, इंद्र कुशवाहा, बंटी कुमार, सुबोध पंडित, केदारनारायण कुशवाहा, प्रभात सिंह, उमेश प्रसाद, छत्रधारी महतो, गिरधारी प्रसाद, प्रकाश महतो, उदय राणा और सैकड़ों दर्शक मौजुद रहे।

## दुधमटिया वन में स्वच्छता अभियान




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी 7 अक्टूबर को टाटीझरिया के दूधमटिया में वन पर्यावरण महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर वन्य प्राणी सुरक्षा समिति अंतिम तैयारी में जुटे है 1995 से वन पर्यावरण मेला का आयोजन किया जा रहा है इस वन महोत्सव को देखते हुए एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के प्राचार्य सुधा कुमारी ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान की शुरुआत विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उसके बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा दुधमटिया वन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वन क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छ और सुंदर वन बनाने का बच्चों ने संकल्प लिया छात्रों द्वारा बैनर बनाया गया और पर्यावरण पर स्लोगन लिखे प्राचार्य सुधा कुमारी ने कहा की स्वच्छता ही भारत को स्वच्छ बना सकता है प्लास्टिक का प्रयोग न पेड़ पौधे हमारे धरोहर है शुद्ध हवा के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध करता है इस कार्यक्रम में शिक्षक मुबारक अंसारी, रश्मि कुमारी, पूनम कुमारी, राजेश कुमार शामिल थे।

# केरेडारी में उग्रवादियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे पांच हाइवा को आग के हवाले किया

**वाहन चालकों के साथ मारपीट और 5 से 6 राउंड फायरिंग भी किया**

**बीकेएस तिवारी ग्रुप के बिपिन पाण्डेय ने ली घटना की जिम्मेवारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** केरेडारी - टंडवा मुख्य पथ पर स्टाफ होटल से आगे गंटिया गढ़ा के समीप उग्रवादियों ने गोलीबारी और आगजनी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में लगे कुल पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया। जिससे ये सभी वाहन धु धु कर जल गये। ये सभी वाहन कोयला अनलोडिंग कर वापस सीबी कोल माइंस जा रहे थे। उग्रवादियों ने वाहन चालकों के साथ मारपीट किया साथ ही 5 से 6 राउंड फायरिंग भी किया है। घटना सोमवार की देर रात करीब सवा दो बजे की है। इस घटना की सूचना मिलने पर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार पुरे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व दमकल की मदद से धधकती आग पर काबू पाया। पुलिस ने घटनास्थल से 4 खोखे और 2 जिंदा गोली भी बरामद किये हैं साथ हीं मामले की तहकीकात में जुट गयी है। अहले सुबह जिले के पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे हालात का जायजा लिया। इस घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों में वाहन चालकों ने बताया की बाइक पर हथियारों से लैश करीब 8 से दस अज्ञात अपराधी आये और दो चालकों के साथ मारपीट किया और फायरिंग करने लगे साथ ही खड़े सोलह चक्का हाइवा वाहनों में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया और घटना को अंजाम देकर भाग खड़े हुये।

**एनटीपीसी के अधिकारी भी पहुंचे:** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के जीएम शिव प्रसाद और रोहित पाल सहित अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे व घटनास्थल का जायजा लिया।

### घटना से क्षेत्र में दहशत

गोलीबारी और आगजनी की इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गया है और लोग भयभीत हो गये हैं। विदित हो की आज हुई घटना से करीब 1 किलोमीटर की दुरी पर स्थित बीते 25 सितंबर को भी नकास कम्पनी के एक्विप केयर के वर्कशॉप में अपराधियों ने दिनदहाड़े घुस कर फायरिंग किया था जिसमें एक ओपेरटर बाल बाल बचा था और उस घटना की जिम्मेवारी भी बीकेएस तिवारी ग्रुप ने ही ली थी। अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं।

### बिपिन पांडेय ने ली घटना की जिम्मेवारी

इस घटना को लेकर बीकेएस तिवारी ग्रुप के बिपिन पांडेय ने एक पर्चा जारी कर इस घटना की जिम्मेवारी ली है, इस परचे में लिखा है की केरेडारी चट्टी बरियातू कोल माइंस से ट्रांसपोर्टिंग कर रही हाइवा में आगजनी और गोलीबारी की हुई घटना की जिम्मेवारी मैं बिपिन पांडेय लेता हूं और हमे अनदेखा करने की भूल न करें हलाकि इस परचे के बारे में पुलिस ने पुस्टि नहीं किया है व इसकी छानबीन में जुट गयी है।

## विधायक ने दर्जनों लाभुकों को दिया बिल माफी प्रमाण पत्र



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा 200 बिजली यूनिट तक प्रतिमाह खपत करने वाले बिजली बिल माफी योजना झारखंड सरकार के द्वारा चलायी गयी है। जिसे लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के समाधान भवन में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। जिसमें दर्जनों उपभोक्ताओं के बीच विधायक अंबा प्रसाद ने ने बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया और झारखंड सरकार के द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान बड़कागांव मुख्य चौक पर बिजली सुद्दढ़ करने के लिए ग्रामीणों ने स्कूटीव इंजीनियर से मुलाकात कर एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की गयी है। ताकि बार-बार बिजली समस्या की परेशानी से लोगों को निजात मिल सके। वहीं बिजली माफी योजना को लेकर स्कूटीव इंजीनियर ने बताया कि हजारीबाग जिला में 74000 बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल माफ किया गया है। जो घरेलू उपभोक्ता 200 यूनिट से कम बिजली उपयोग करते हैं, अगर उनके ऊपर बकाया बिजली बिल और फाइन के साथ केस हो गया है। उनका भी बिजली बिल माफ करने के लिए रिपोर्ट आगे भेज दी गयी है। वही मौके पर उपस्थित कई लोगों ने बिजली बिल नहीं माफ करने की शिकायत स्कूटीव इंजीनियर से की है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बिजली विभाग के स्कूटीव इंजीनियर अंगेश कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार, कनिय अभियंता प्रभास कुमार, स्थानीय कर्मचारी अरविंद कुमार, रोहित सोनी, विशेश्वर नाथ चौबे, पंकज कुमार, मनोज ठाकुर, शमशेर आलम, राजेश रजक के अलावा उपस्थित थे।

## बाजारटांड़ के राममंदिर में चोरी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाजारटांड़ स्थित राम मंदिर में चोरों में ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। बीते वर्ष के भीतर यह चोरी की तीसरी घटना है। इसके पूर्व भी विष्णुगढ़ के राम मंदिर में तीन बार, काली मंदिर में दो बार और परियोजना उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में दो बार चोरों द्वारा चोरी की गयी। जिसमें मंदिर की घंटी, पीतल आरती थाली, कासा के परात, पीतल का बाल्टी, भगवान भोलेनाथ शिवलिंग में लपेटे हुए चांदी के तक्षक नाग, विद्यालय के कई कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी थी। वही सोमवार की रात्रि में चोरों ने राममंदिर से पीतल के दो बाल्टी, भगवान गणेश की पीतल की एक मूर्ति, पीतल का एक चरणा अमृत ग्लास, पीतल के दो बड़ा घंटा, पीतल का एक आचमन, पीतल का बड़ा और छोटा दो घंटी, पीतल का एक बड़ा लोटा, छोटा लोटनी तांबा का दो और पीतल के तीन, पीतल के पांच बड़ा थाली, पीतल के भगवान गणेश का एक आसन, पीतल का छोटा पंद्रह थाली, पीतल के दो दीया, तांबा का बड़ा थाली, पीतल के पंचमूर्ति दीया, कृष्ण जी की चांदी की एक बांसुरी की चोरी कर ली गयी। चोरी की इस घटना में नशेड़ियों था जुआरियों की संलिप्तता की आशंका जतायी जा रही है। इस घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी विक्रम कुमार पांडेय ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेंन मुर्मू को फोन के माध्यम से दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन

**इस आयोजन का उद्देश्य समाज में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है, जिसमें विशेष रूप से बच्चे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया के अग्रसेन भवन में चार दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2024 का भव्य आयोजन शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवी विजय केडिया द्वारा महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी मां लक्ष्मी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विजय केडिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत एक रूपया, एक ईंट की प्रथा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। यह सिद्धांत समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय आयोजन का उद्देश्य समाज में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है, जिसमें विशेष रूप से बच्चे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। समारोह मे अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल और सचिव हिमांशु केडिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श अग्रवाल समाज को प्रेरणा देते हैं। सह सचिव अरविंद चौधरी और कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने से समाज की सच्ची सेवा की जा सकती है। समारोह के अवसर पर प्रयोजना निदेशक संतोष लड्डा और संदीप हिसारिया ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया। समाज के वरिष्ठ सदस्य मधुसूदन दारुका, महेश दारुका, कैलाश चौधरी और संजीव खेतान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधना और समाज के लोगों की प्रतिभा को सामने लाना है। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक ममता बंसल और नीतू बंसल ने किया। इसके बाद ज्वेलरी आर्ट और साबूदाना आर्ट की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी, जिनका आयोजन रेखा मोदी और संगीता सरावगी की देखरेख में हुआ। समारोह में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसकी परियोजना निदेशक काजल गुप्ता और प्रीति केडिया थीं। इस प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन और सिद्धांतों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके बाद आओ जीते खेलते झूमते गाते कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका नेतृत्व सारिका लड्डा, श्रेया केडिया और आकृति चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने खेल-कूद के माध्यम से अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया। समारोह में रामावतार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, संजय खेमानी, आयुष पोद्दार, संजय नरेड़ी, आशीष केडिया, महेश अग्रवाल, यश बंसल, विपुल चौधरी, प्रीति केडिया, शीतल पोद्दार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## साक्षरता कार्यालय में प्रेरकों की बैठक



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित साक्षरता कार्यालय में प्रेरकों की बैठक की गयी। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की हमारे पूर्व का बकाया मानदेय भुगतान किया जाये और सरकार हम सबका किसी विभाग में समायोजन करें, नहीं तो हम सभी साक्षरता प्रेरक बंधु उग्र आंदोलन करेंगे। हम राज्य सरकार से विनम्र आग्रह करते हैं कि हम सभी साक्षरता प्रेरक बंधु और किसी विभाग में समायोजन करें और हमारी जो बकाया मानदेय 2018 तक है, उसे पूर्ण रूप से देने का कृपा करें, नहीं तो हम सभी प्रेरक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दिगम्बर कुमार मेहता, सीताराम ठाकुर, रामकृष्ण शर्मा, अजय पाठक, ममता देवी, रामजय मेहता, रीता देवी, रीना देवी, कौशल्या देवी, नीरू वाला, विनय कुशवाहा, सोनी देवी, मनीषा देवी, रामदीप मेहता, सीताराम मेहता, पुरुषोत्तम पांडेय, कालेश्वर पांडे समेत कई पंचायत के प्रेरक उपस्थित थे।

## कोडरमा के विभिन्न इलाकों में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना, कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज और वाई वेस्ट वेडनसडे फाउंडेशन ने फेम फाउंडेशन के सहयोग से कोडरमा, झुमरी तिलैया, डोमचांच, बड़की सरिया और राजधनवार में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल के तहत विद्यार्थियों, दुकानदारों, और स्थानीय निवासियों को कचरा प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया गया, और स्वच्छता का संदेश फैलाया गया। डोमचांच नगर पंचायत में अभियंता प्रेमांशु कुमार, सुजीत कुमार, अमरदीप कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम बनाया गया जिसके नेतृत्व में फाउंडेशन के कार्यकर्ता पूरे नगर पंचायत में स्वच्छता का अभियान चलाया। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस अभियान का समर्थन किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना, कचरे का सही निस्तारण कर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना, स्वच्छता से संबंधित बीमारियों को रोकना और सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार करना, स्थानीय निवासियों को कचरे के सही प्रबंधन और इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। बच्चों के लिए, टीम ने कचरा प्रबंधन, गीला-सूखा कचरा और खतरनाक कचरे के पृथक्करण से जुड़े खेल और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसने बच्चों की भारी दिलचस्पी और ध्यान आकर्षित किया।

## उपायुक्त ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को किया सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध व्यक्ति दिवस के अवसर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा सदर प्रखंड के रामपुर गांव पहुंचकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मतदाताओं में सहानुस साहू (102 वर्ष), हरिचरण साहू (87 वर्ष) और लालधर साहू (87 वर्ष) शामिल हैं। उपायुक्त ने तीनों मतदाताओं से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अब 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। आप आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य रूप करें। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसडीओ ने वृद्ध जुबेदा खातून को सम्मानित किया



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार व सीओ दुर्गा कुमार ने मंगलवार को लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र प्रखंड के अकाशी पंचायत के बंडा गांव निवासी सौ प्लस मतदाता जुबेदा खातून को अंगवस्त्र पौधा और फल देकर सम्मानित किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि देश की प्रगति के लिए प्रत्येक मतदाता का योगदान होता है। सौ प्लस के मतदाता को सम्मानित कर वोट के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सभी मतदाताओं को मत का निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से प्रयोग करना चाहिए। व्यक्ति को अपने नाम का मतदाता सूची में शामिल होने या न होने की जानकारी होनी चाहिए। मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति ही अपने मत का प्रयोग कर सकता है। इधर विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के बेदाल बूथ नंबर 87 के सौ प्लस मतदाता दौलत देवी को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुखिया बीतनी उरांव, ममता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से घर में लगी आग



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** घरेलू गैस सिलेंडर लीक होने से किचेन में आग लग गया। घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वही अगलगी घटना से लगभग 50 हजार की समान जल कर राख हो गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार स्थित सेन्हा निवासी बिलो उरांव पति स्वर्गीय अनिल उरांव के घर में संध्या लगभग 8:15 बजे का घटना है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि खाना बनाने के दौरान चूल्हा से पाइप निकालने के कारण आग लगी हुई। घटना की सूचना थाना प्रभारी अजित कुमार को देते हुए बचाव का गुहार लगया गया। घटना की सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर अग्निशमन टीम घटना स्थल पहुंच आग बुझाने में जुट गयी। काफी साहस के साथ अग्निशमन टीम के द्वारा गैस सिलेंडर बाहर निकाल पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया गया। परन्तु तब तक घरेलु समा फ्रिज, फर्नीचर, बर्तन, खाद्यान सामग्री सहित अन्य समान जल कर नष्ट हो गया। वहीं अग्निशमन दल के प्रयास से पीड़ित का मकान सहित अगल बगल घर को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

# एके 47 के साथ दो उग्रवादी गिरफ्तार

**छापेमारी में एक एके 47 स्वचालित राइफल, एके 47 का मैगजीन एक, 8 गोली, तीन मोबाइल, एक जियो फाई राउटर बरामद हुआ**



**मुकेश कुमार सिंह**

**लातेहार।** लातेहार जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आज दो जेजेएमपी के उग्रवादियों को एके 47 के साथ गिरफ्तार किया है। इसे लेकर आज एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के पुलिस कप्तान ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम सलया एवं नारायणपुर के बीच पहाड़ के तलहटी के जंगली क्षेत्र में जेजेएमपी के दो उग्रवादी हथियार के साथ देखे जा रहे हैं। जो संभवतः किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये गये उस स्थान को घेराबंदी किया गया। वहां तलाशी अभियान चलाया जा रहा था तभी पहाड़ के तलहटी में झाड़ियों के पास एक महुआ पेड के नीचे में दो उग्रवादी हथियार के साथ में दिखायी पड़ा। छापामारी दल के द्वारा रणनीति बना कर उक्त दोनों को घेर लिया गया। जब दोनों उग्रवादी अचानक आये पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी को देख लिये तो वहां से हथियार के साथ में भागने का प्रयास किये परंतु पुलिस की घेराबंदी होने के कारण वे भाग नहीं पाये। जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। इसके बाद एक उग्रवादी जो अपना नाम खुर्शीद आलम बताया उसके पास से एक एके-47 जिसमें मैगजीन लगा हुआ को 04 जिंदा गोली एवं एक की पैड मोबाइल बरामद हुआ। दूसरे उग्रवादी ने अपना नाम फेंकू भुईयां उर्फ सर्वनाश बताया जिसके पास से एके 47 का कुल 04 जिंदा गोली एवं दो मोबाइल एक जियो नेट चलाने के लिये जियों फाई राउटर बरामद किया गया। अवैध हथियार एवं गोली रखने के आरोप में एवं उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय रहने तथा उग्रवादी गतिविधि में शामिल रहने के कारण दोनों को गिरफ्तार किया गया।

## सेवानिवृत्त सैनिक का आदिवासी रीति-रिवाज से किया गया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेवानिवृत भारतीय थल सेना के जवान को ग्रामीणों ने मंगलवार को आदिवासी रीति रिवाज से भव्य स्वागत कर मिशाल पेश किया। विदित हो सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के बेड़ा टोली निवासी जीतराम भगत के पुत्र राजेश भगत देश की सेवा कर घर लौटने पर परिजन एवं ग्रामीणों ने सेवानिवृत फौजी को गाजा बाजा व आदिवासी नृत्य के साथ तिरंगा रैली निकाल कर स्वागत किया। गांव के युवाओं ने लोहरदगा स्टेशन से मोटरसाइकिल जुलूस में एक हाथ में तिरंगा के साथ साथ देश भक्ति गीत के माध्यम से स्वागत करते हुए कल्हेपाट तक पहुंचे। जहां जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुनैना कुमारी पूर्व मुखिया प्रकाश उरांव पंचायत समिती सदस्य अमन उरांव ने बुके एवं पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।सेवानिवृत जवान राजेश भगत ने घर में प्रवेश करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि, देश की सेवा सब से अच्छा सेवा है। कहा कि, 19 साल की उम्र में बिहार रेजीमेंट में रांची में वर्ष 2000 में बहाली हुआ था। दानापुर में प्रशिक्षण लिया उसके बाद भारत के सीमा क्षेत्र गुजरात से लेकर जम्मू कश्मीर तक सीमा पर तैनात रहकर देश की सेवा 24 वर्ष करने का मौका मिला। आज हमारे सेवानिवृती पर गांव वाले काफी प्यार दिये है। सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि, प्रखंड में पहली बार फौजी के सेवानिवृत होने पर भव्य स्वागत समरोह का आयोजन किया गया। अयोजन समिती को बधाई देते हुए युवाओं से अपील है कि, आप भी कड़ी मेहनत करें और देश सेवा के लिए तैयारी करें।

## नवरात्रि के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी : मिथुन तमेड़ा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा देवीमंडप पावरगंज से सोमवार बाजार, शास्त्री चौक होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर तक निकाली जाएगी। कलश स्थापना कर अगले नौ दिनों तक ठाकुर बड़ी मंदिर के प्रांगण में नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में शहर के हजारों माता के भक्तगण और श्रद्धालु हाथों में ध्वजा ले कर शामिल होंगे। ढोल नगाड़े और माता के जयघोष से मां दुर्गा का आह्वान किया जाएगा। जगह जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों के स्वागत और अभिनंदन की व्यवस्था की जा रही है।

## असामाजिक तत्वों की पहचान स्वयंसेवक करेंगे : अपर समाहर्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को लेकर सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव व स्वयंसेवकों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा ने कहा कि बीते वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला प्रशासन की ओर से पूरी चौकसी इस दौरान रहेगी और लोगों की असुविधाओं को दूर किया जायेगा। जिला में लगभग प्रत्येक गांव में देवी मां की पूजा सदियों से होती रही है और लोग उसमें सम्मिलित होते रहे हैं।

अपर समाहर्ता ने कहा कि पूजा पंडालों में तैनात स्वयंसेवक अपनी जिम्मेवारी तत्परता से कार्य करें। स्वयंसेवक निःस्वार्थ भावना से कार्य करते रहे हैं। उनकी तत्परता और सेवा की भावना से ही पूजा संपन्न हो पाती है। जिला में नियंत्रण कक्ष स्थापित है जो पूजा के दौरान भी सक्रिय रहेगा। पण्डालों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी अपनी ड्यूटी निभायेंगे और पूजा समितियों के संपर्क में रहेंगे। असामाजिक तत्वों की पहचान स्वयंसेवक करेंगे। प्रशासनिक शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पूजा के दौरान विघ्न डालने वालों को नहीं बख्शा जायेगा। पूजा पंडालों में आग लगने या शॉर्ट सर्किट की घटना से बचाव के लिए आवश्यक उपकरण अवश्य रखें। बालू से भरी बाल्टी का उपयोग भी ऐसे समय में किया जा सकता है।

## भूमि मापी के बाद मेले की तैयारी शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मेले में भूमि मापन के बाद मेले की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा की अगुवाई में पूजा समिति के सभी सदस्यों ने मेला स्थल जाकर जेसीबी की सहायता से भूमि समतलीकरण और मेला स्थल तक पहुंचने वाले सड़क और मेला स्थल की भूमि का समतलिकरण कराया ताकि मेले में आने वाले और मेले में दुकान लगाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना ना करना पड़े। अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने कहा की केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अपने दायित्व को पूरी तन्मयता के साथ पूरी करेंगी ताकि माता रानी के श्रद्धालुओं और रावण दहन के कार्यक्रम जोकि मेले में संपन्न होती है अच्छी तरह संपन्न हो।

## पोस्टमास्टर का निधन, परिजनों से मिले बिंदेश्वर उरांव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू जमगाई के पोस्टमास्टर जमधारी उरांव का मंगलवार को अचानक तबियत खराब हो गया। तत्काल इलाज के लिये उन्हें लोहरदगा अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर ने रांची रैफर किया। रांची जाने के दौरान रास्ते मे उनकी मौत हो गयी। पोस्टमॉस्टर जमधारी उरांव अपने पीछे चार बच्चों एव पत्नी को पीछे छोड़ गये। उनके असमय जाने से परिवार के समक्ष मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। एक बेटा मैट्रिक पास, एक बेटी भी मैट्रिक पास कर ग्रेजुएशन कर रही है। दो बच्चे छोटे स्कूल में पढ़ रहे है। पिता ही सरकारी नौकरी कर सभी बाल बच्चों का भरण पोषण कर रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंचे भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया एवं मर्माहत परिजनों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। भाजपा नेता बिंदेश्वर उरांव ने सरकार से तत्काल प्राथमिकता पर मृतक के परिजन आश्रितों को अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देने की मांग किया। बिंदेश्वर उरांव ने कहा सरकार संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अविलंब अनुकंपा में उनकी पत्नी अथवा पुत्र को नौकरी देना सुनिश्चित करें।

## गांव पहुंचने पर सेवानिवृत्त जवान का स्वागत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने पर हिरही पंचायत अंतर्गत भदुवापारा निवासी सुकरा उरांव का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। भदूवापारा चौक से घर तक इंडियन आर्मी सुकरा उरांव की आगवानी तमाम युवक, युवतियों, बड़े बुजुर्गों के द्वारा किया गया। ऐसा स्वागत देखकर सेवानिवृत जवान सुकरा उरांव ने कहा कि हमारा गांव छोटा जरूर है, परंतु गांव वालों का दिल काफी बड़ा है। सबों ने मेरे सेवानिवृत्ति को एक उत्सव के रूप में मनाया है यह मुझे ताउम्र याद रहेगा। जब मैं देश सेवा के लिए आज से सन 2000 ई0 में गया था ,24 वर्ष की सेवा के पश्चात इतना स्वागत मिला। आज का यह दिन मेरे लिए काफी यादगार रहेगा। सभी युवा पढ़े लिखे और रोजगार प्राप्त करें तभी गांव और समाज का विकास होगा।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट परिसर में 1 अक्तूबर 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सीजेएम सह एसीजेएम सिविल जज सीनियर डिविजन द्वितीय कृष्ण कांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर सहित न्यायालय कर्मी, पीएलवी उपस्थित रहे। वहीं नगर परिषद के सहयोग से सभी न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**कोल्हान की खबरें**

## विधायक सरयू राय ने लंबित विकास योजनाओं को लेकर सैकड़ों जन समर्थकों के साथ डीसी कार्यालय के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने लंबित विकास योजनाओं व विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सैकड़ों पर कार्यकताओं के संग विरोध प्रदर्शन दिया।सोमवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. अजय कुमार पर जम कर प्रहार किया। इस अवसर पर जनता दल और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे। सरयू राय ने कहा उन्होंने मात्र तीन साल में 155 करोड़ की योजनाओं को लागू करवाया। इसके बावजूद अभी भी करीब 30 करोड़ की योजनाएं ऐसी हैं जिनका पूरा पैसा जिला में आ जाने के बाद भी काम प्रारंभ शुरू नहीं हो पाया। उन योजनाओं के लिए जब धरना-प्रदर्शन की सूचना दी गई तो उपायुक्त सक्रिय हुए।उन्होंने बाकायदा लिखित में जानना चाहा है अब तक योजनाएं क्यों नहीं लागू हुई।

सरयू राय ने कहा कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार मुझसे पूछ रहे हैं रोजगार नहीं दिया। सरकार डॉ. अजय कुमार की पार्टी चला रही है। इस तरह के सवाल वो मुझसे पूछ रहे हैं। इसी तरह मालिकाना हक का मामला है। वह मुझसे सवाल पूछ रहे हैं उसे क्यों नहीं लागू करवाया।

उन्हें पता ही नहीं मालिकाना हक के मामले में विधानसभा में चार बार प्रस्ताव रखा। लेकिन राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार ही नहीं किया। उन्हें कोई जानकारी नहीं बस सवाल पूछना है। श्री राय ने कहा डॉ. अजय कुमार को पूछना चाहिए बन्ना गुप्ता से मंत्री रहते आपके क्षेत्र में एमजीएम अस्पताल की स्थिति क्यों नहीं सुधरी। श्री राय ने कहा डॉ. अजय कुमार टाटा स्टील की नौकरी करते थे। हमने टाटा स्टील की गर्दन पर हाथ रखकर जनहित में योजनाओं को लागू करवाया। जब हमने अजय कुमार के मालिक के गर्दन पर हाथ डालकर इतना सब काम करवा लिया तब अजय कुमार कह रहे हैं कोई काम हुआ ही नहीं। उन्हें पता भी नहीं होगा बाबूडीह से लेकर लालभट्ठा तक साफ पानी की आपूर्ति के लिए हमलोगों के दबाव डालने पर ही टाटा ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया। अनेक इलाकों में पाइपलाइन बिछ गयी है। दुर्भाग्य की बात है कि अभी पानी देना प्रारंभ नहीं हुआ। इसीलिए हम लोग धरना दे रहे हैं, इस उम्मीद के साथ कि बहुत जल्द ही पानी देने का काम भी शुरू हो जायेगा।

## अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं सरयू राय : डा. अजय कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा.अजय कुमार ने विधायक पर हमला बोलते हुए कहा सरयू राय अपनी पांच साल की नाकामियों को छुपाने के लिए प्रदर्शन कर रहे है। झूठ बोलना और प्रपंच करना सरयू राय की पुरानी आदत है। मंगलवार को दिल्ली से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए डॉ अजय ने कहा कि पांच वर्ष के कार्यकाल के अंतिम दौर में सरयू राय को अब याद आ रहा है जिला प्रशासन ने विकास कार्यों में विलंब किया है। उन्होंने कहा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सरयू राय जिला प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं। जबकि मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन टाटा स्टील युटिलिटी इंफ्रास्टक्चर सर्विस लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाता है। पानी की शुद्धता के लिए विधायक सरयू राय टीएसयूआइएसएल पर दबाव बनाने के बजाये जिला प्रशासन को दोषी ठहरा रहे हैं। पांच साल में लोगों को शुद्ध पानी नहीं उपलब्ध करा पाये। शहर में सड़कों की मरम्मत टीएसयूआइएसएल द्वारा की जाती है लेकिन पांच वर्षों में जेम्को से साउथ गेट तक की सड़क की मरम्मत नहीं करा पाये। इतना ही नहीं आज तक भूमाफियाओं के खिलाफ एक बार भी सरयू राय ने प्रदर्शन नहीं किया।डा.अजय ने कहा मुझ पर आरोप लगा कर सरयू राय अपनी नाकामियों को नहीं छुपा सकते। जनता यह मान चुकी है एक भगौड़े विधायक को चुन कर बड़ी गलती की है। मुझसे सवाल करने से बेहतर है वो बताएं की पांच सालों में कौन सा ऐसा काम किया जो मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## करंडी की रेलवे क्रासिंग बन सकती है आम लोगों के लिए खतरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सुंदरनगर थाना अंतर्गत करंडी स्थित रेलवे क्रासिंग अब आम लोगो के लिए खतरे का घंटी बनते जा रही है। प्रत्येक दिन सुबह से रात तक रेलवे फाटक हो कर गुजरने वाले हजारों हजार आम लोग का दुर्घटना की शिकार होने की संभावना बनी रहती है। सोमवार शाम लगभग 6 बजे एक गुजुर्ग कर्मचारी का लापरवाही के कारण एक पत्रकार बाल बाल बच गया। करंडी फाटक गिराने के दौरान बीच में फसे बाइक साबर पत्रकार निकलने दौरान बिना सोचे समझे अचानक फाटक गिरा कर माथा में जबरदस्त ठोकर मार दिया गया। उसके बाद बेरियर को उठा भी लिया गया। अनुमान लगाया जारहा है यह कर्मचारी की सोची समझी साजिश थी। आश्चर्यजनक बात है जबकि चोट लगने के बाद बाइक सहित पत्रकार बाहर निकल चुके थे। हैरान की बात है इस तरह बेरियर से मारकर उठा लेना कर्मचारी की मानसिकता पर सवाल खड़ी करती है। उधर घायल पत्रकार के द्वारा जब कर्मचारी से इस तरह से फसे हुए बाइक को निकाल ने की बात पर सवाल किया गया तो रेलवे कर्मचारी का कहना है ऊपर से सीनियर का निर्देश है बेल बजाकर फाटक गिरा देना लेकिन हम तो लगने के बाद उठा भी लिए थे। उन्होंने कहा सीनियर के द्वारा दिये गये आदेश का पालन कर रहे। वही कर्मचारी ने कहा जो भी करना है कर लो हम अपना ड्यूटी का पालन कर रहे। उधर अचानक फाटक गिरा देने से बुरी तरह घायल पत्रकार को सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। इस तरह की दुर्घटना आम लोगो के साथ दुवारा न हो इसके लिए पत्रकार ने इसकी जानकरी यूनियन के अधिकारी को दी। उन्होंने कहा इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्मचारी को ध्यान में रख कर बेरियर गिराना चाइए। इसके लिए वार्ता की जायेगी। फिलहाल पत्रकार को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## मगध सम्राट अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** चंद्रवंशी समाज विकास समिति, मगध सम्राट ट्रस्ट व रोटरी क्लब जमशेदपुर मिड टाउन के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 82 बोतल रक्त संग्रह किया गया। मौके पर कोल्हान प्रमंडल के क्षेत्रीय निदेशक,डॉक्टर विजय कुमार, लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार झा, एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी व आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 की पूर्व पार्षद श्रीमती नीतू शर्मा मौजूद रही। शिविर का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। डॉ विजय कुमार ने कहा रक्तदान महादान है। इससे मनुष्य के स्वास्थ्य में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। मनुष्य को रक्तदान अवश्य करनी चाहिए। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। पूर्व पार्षद श्रीमती नीतू शर्मा ने कहा रक्तदान से लोगों के चेहरे पर खुशियां आती है। मनुष्य को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करनी चाहिए। इससे स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। वहीं मगध सम्राट हॉस्पिटल के एमडी डॉक्टर ज्योति ने बताया हॉस्पिटल 14 वर्षों से लोगों को सेवा दे रही है। कई लोगों को छूट भी दी जा रही है। अब सर्जरी पर भी छूट दी जाएगी। एक अक्टूबर से कोई भी सर्जरी पर 25 से 40% की छूट दी जायेगी।

## प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र लाभुकों के लिए मंगलवार को छमईलवा बिजली सब स्टेशन में प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गौतम के द्वारा कंप्यूटर से निकलकर दिया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में अमीरका महारा, अमरेंद्र राम, रामकेश्वर यादव, राजनाथ, अभय कुमार, लक्ष्मी नारायण साव, राजेंद्र प्रसाद, मानदेव साह, चंद्रदेव राउत, सुरेश बैठा, फुलेश्वर साह, बिगन, अनूप, नथुनी, मनोज, कबूतरी, यशोदा देवी सहित कई लोगों का नाम शामिल है। इस मौके पर प्रभारी जेई अमल राय, उमेश प्रजापति, अशोक मेहता, विजय मेहता, नीरज दुबे, अशोक यादव, वीरेंद्र पासवान, नीरज, अनिल यादव सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# मंत्री और उनके गुर्गों के आतंक से परेशान हो चुके हैं क्षेत्र के लोग : सतेंद्रनाथ तिवारी

**झामुमो छोड़कर एक सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी के आवास पर डंडा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से झामुमो छोड़कर एक सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग मंत्री और उनके गुर्गों के आतंक से परेशान हो चुके हैं। क्षेत्र में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना रिश्वत का कोई भी काम नहीं हो रहा है। मंत्री को आम आवाम से कोई मतलब नहीं रह गया है। पिछले पांच साल से क्षेत्र की जनता बालू नहीं मिलने से अपना निजी मकान और अन्य कार्य नहीं कर पा रहे हैं। विकास के नाम पर मंत्री झूठ का ढिंढोरा पीट रहे है। पूर्व विधायक ने कहा कि विकास के नाम पर खुलेआम लूट मची हुई है। मंत्री के कारनामें से तंग आकर लोग भारी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे है। आने वाले चुनाव में क्षेत्र की जनता झामुमो और मंत्री को सबक सिखाने के लिए इंतजार कर रही है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि मंत्री क्षेत्र में विकास के नाम पर झूठा प्रचार कर रहे है। पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी के कार्यकाल में किये गये काम और केंद्र सरकार की योजनाओं को मंत्री अपना बता रहे है। जनता इस बार बाहरी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में बबलू चौधरी, ब्रिकेश्वर चौधरी, रवि कुमार चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, संजय कुमार चौधरी, बबलू साव, अशोक कुमार चौधरी, राजेश चौधरी, सनोज साव, मनोज चौधरी, नरेश चौधरी, राजेश चौधरी, सुधेश्वर चौधरी, सुदीप चौधरी, संदीप चौधरी, रामकुमार चौधरी, श्याम कुमार पासवान सहित एक सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल हैं। मौके पर भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी, चंद्रवंशी सेना के राष्टीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, विनोद तिवारी, विवेकानंद तिवारी, सिकेंद्र चौधरी, गोवावल मंडल अध्यक्ष परीक्षित तिवारी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विकास तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आंदोलन से जुड़े हुए लोगों को विधानसभा जाना चाहिए : रामचंद्र

**आजाद सिपाह संवाददाता**



**गढ़वा।** जन चेतना मंच के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के पूर्व संध्या पर नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, डॉ उमेश सहाय और भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने गांधी जी के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर तथा दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत पर कब्जा और गांधी जी का आंदोलन तथा गढ़वा की राजनीति में पिछड़ा, दलित और आदिवासी वर्ग का दशा और दिशा विषय पर चर्चा हुआ। पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि राजनीति में दौलतमंद नहीं आंदोलन से जुड़े हुए लोगों को विधानसभा जाना चाहिए। प्रोफेसर उमेश सहाय ने कहा कि गांधी जी बंदूक नहीं विचारों के माध्यम से इस देश को अंग्रेजों से मुक्त कराया। आज कमोबेश यहां की स्थिति यही है कि हम लोग विचारों से एकजुट होकर समाज को सशक्त और सही दिशा में ले जायें। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह जन चेतना मंच के मुख्य संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि गढ़वा विधानसभा की राजनीति में पिछड़े, दलित और गरीब तबके के लोग आज शोषित हो रहे हैं, इसका मुख्य कारण जागरूकता और एकजुटता का अभाव है। श्री गुप्ता ने उपस्थित लोगों से पूछा कि पिछड़े, दलित और आदिवासी का बेटा पंचायत प्रतिनिधि हो सकता है, तो क्या विधानसभा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग आने वाला विधानसभा चुनाव में ऐसा निर्णय लें कि गरीब का आवाज गरीब का बेटा बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पवन केसरी और संचालन मो० नेसार और सुमेर चौधरी ने किया मौके पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## धर्म रक्षा वाहिनी का एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ और गढ़वा पुलिस उपाधीक्षक को एक मांग पत्र सौंपा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। धर्म रक्षा वाहिनी जिला गढ़वा का एक प्रतिनिधिमंडल गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी और गढ़वा पुलिस उपाधीक्षक को एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें यह मांग किया गया है कि शारदीय नवरात्र के दिनों में सभी मीट मांस और शराब की दुकानों को बंद कराया जाये। मांग पत्र सौंपने वालों में रमेश कुमार दीपक, सचिव कौशल कांत कुमार, मृत्युंजय शौंडिक, भोला गुप्ता, अभय तिवारी आदि लोग शामिल थे। दरअसल पिछले वर्ष नवमी के दिन भी सभी मीट मांस और शराब की दुकानें बंद नहीं किया गया था।

## टेंपों पलटने से पांच महिलाएं घायल


भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मकरी गांव के समीप तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बाइक को बचाने के क्रम में टेंपों अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें सवार पांच महिलाएं घायल हो गयी। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मीना देवी पति नन्हकू राम, ममता देवी पति श्रीकांत पटेल, सुमित्रा देवी पति अजय राम, बबिता देवी पति राजकुमार भारती और कोइली देवी पति बलचन साह सभी खरौंधी के राजी निवासी का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर तैनात महिला चिकित्सिका अनुपमा कुमारी के द्वारा प्राथमिक इलाज के पश्चात गंभीर स्थिति देखते हुए सुमित्रा, बबिता और कोइली देवी को बेहतर इलाज के सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## रंका में रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने कहा कि सभी लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इससे कई प्रकार के बीमारियों से बचाव होता है। नियमित रक्तदान से हमारा हृदय स्वस्थ रहता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि अगर हर इंसान नियमित रूप से रक्तदान करे तो कभी भी रक्त कोष में रक्त की कभी कमी नहीं होगी। आज मेरा खुद 35 वा रक्तदान है। **22 यूनिट किया गया रक्तदान :** रक्तदान शिविर के दौरान 22 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में डॉ असजद अंसारी, डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ प्रीति तिवारी, डॉ उत्कर्ष मिश्रा, डॉ नीतीश परमार्थी, डॉ विष्णु दत्त दुबे, मनदीप गुप्ता, अंजू प्रसाद, सुधीर कुमार, निरंजन आदि के नाम शामिल हैं।

## उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरित



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत मंगलवार को प्रखंड के अमहर खास पंचायत भवन के सभागार में 20 उपभोगाताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर ददन सिंह मुखिया अमहर खास, भर्दुल राम चंद्रवंशी पंचायत समिति अमहर, तकनीकी सहायक संजीव कुमार, महावीर स्वानसी, मानव दिवस कमी नवनीत कुमार सिंह, ऊर्जा मित्र सुभाष कुमार जगलाल चौरसिया रुपेश चौरसिया, अजय सिंह, बिजय सिंह, सोनू कुमार, लव सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राशन के लिए दर-दर ठोकरे खा रहे हैं राशन कार्ड धारी

**आदिवासी परिवार के राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से जीवन बसर में परेशानी**

**रविकांत चंद्रवंशी**




**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के दर्जनों राशन कार्डधारियों ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में आकर शीघ्र राशन दिलाने की मांग किया है। राशन कार्डधारियों ने बताया कि पिछले एक माह से राशन के लिए दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। डीलर के पास जाने पर राशन देने से साफ इंकार कर रहा है। ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गांव के 325 लाभुकों का अगस्त माह का राशन नहीं मिलने से गरीबी रेखा से नीचे बसर कर रहे आदिवासी परिवार के लोगों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। 325 लाभुक कभी चंद्रदेव बैठा, तो कभी सोमनाथ विश्वकर्मा डीलर के पास पिछले एक माह से चक्कर काट रहे हैं, परंतु उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। इधर मशीन में तकनीकी खराबी के कारण उक्त लाभुकों के बीच लूंगी, धोती, साड़ी भी वितरण नहीं किया जा सका है। जानकारी के अनुसार परती गांव के डीलर लाल मुनी चेरो का दुकान के निलंबन के बाद यहां के 325 लाभुकों को समीप के चंद्रदेव बैठा डीलर के साथ टैग किया गया था। परंतु अगस्त माह का आवंटन चंद्रदेव बैठा के बदले अमवाडीह गांव के डीलर सोमनाथ विश्वकर्मा के यहां चला गया। परंतु सोमनाथ विश्वकर्मा के द्वारा यह कहते हुए राशन का वितरण नहीं किया गया कि उन्हें राशन वितरण का विभागीय चिट्ठी प्राप्त नहीं है। इसलिए वे वितरण नहीं कर सकते।

## बड़गड़-टेहड़ी मुख्य मार्ग पर सूखा पेड़ किसी बड़ी दुर्घटना को दे रहा दावत



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ थाना क्षेत्र के बड़गड़-टेहड़ी मुख्य मार्ग पर गोठानी गांव के पास कई महीनों से खड़ा दो आम का सूखा पेड़ किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। लेकिन प्रशासन व वन विभाग द्वारा पेड़ को हटाने का अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीने पहले वन विभाग के कर्मी द्वारा एक आम के पेड़ को आधा काटकर छोड़ दिया गया है, जिससे पेड़ गिरने का खतरा बढ़ गया है। इस व्यस्त मार्ग पर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित लोगों व वाहनों का आवाजाही निरंतर जारी रहता है। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने जिला प्रशासन व वन विभाग के उच्चाधिकारियों से दुर्घटना को दावत दे रहे स्थानीय गोठनी गांव के पास बड़गड़ - टेंहड़ी मुख्य मार्ग के किनारे खड़े सूखे आम के पेड़ों को तत्काल हटवाने की मांग की है।

# डंडई प्रखंड में 20 जगहों पर होगी मां दुर्गा की पूजा अर्चना

जितेन्द्र यादव



डंडई प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र व दुर्गा पूजा को लेकर आयोजन कमेटी ने तैयारी तेज कर दी है। साथ ही मूर्ति कलाकार भी प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इस वर्ष पूरे प्रखंड क्षेत्र में लगभग 20 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है जैसे-जैसे पूजा का समय नजदीक आ रहा है। कारीगरों की ओर से पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है। वहीं मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात काम में जुटे हुए हैं। मालूम हो की 3 अक्टूबर से नवरात्र आरंभ होने जा रहा है,पूजा को लेकर यहां के लोगों में काफी उत्साह व्याप्त है। 9 दिनों तक अलग-अलग रूप में मां का पूजन किया जाना है। मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने वाले कलाकार अपने सहयोगियों के साथ मां दुर्गा के अलावा मां सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश,कार्तिकेय व महिषासुर की भव्य आकर्षक प्रतिमा बनाने में लगे हुए हैं। वहीं पूजा समिति के पदाधिकारी भी दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र के लोगों को एकजुट करने का भी काम करता है। सभी तैयारियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार का नवरात्रि महोत्सव विशेष रूप से भव्य और यादगार होगा।

## डीसी ने वरिष्ठ मतदाता के घर जाकर किया सम्मानित, कहा

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं की सहभागिता जरूरी



**मेराल।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर मंगलवार को गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा प्रखंड के बाना गांव में पहुंच कर 103 वर्षीय मतदाता इंद्रदेव पासवान को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव होना जितना जरूरी है, उतना ही महत्व मतदाताओं का अधिक से अधिक सहभागिता है। मौके पर उपस्थित अन्य लोगों को भी विधानसभा चुनाव में अपनी सहभागिता को लेकर प्रेरित किया। इस मौके पर एसडीओ संजय पांडे, बीडीओ जागो महतो, बीपीआरओ बसंत पांडे, पूर्व मुखिया विजय सिंह आदि मौजुद थे। इससे पूर्व एसडीओ संजय कुमार पांडे ने प्रखंड मुख्यालय पहुंच बीडीओ तथा अन्य कर्मियों के साथ चुनाव की तैयारी और मतदाता सूची की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लोगों को निर्देश दिया कि फॉर्म 6, 7 एवं 8 को प्रत्येक मतदान केंद्र पर शीघ्रता के साथ भरें। साथ हीं एसडीओ श्री पांडे ने लोगों को चुनाव संबंधी कई अन्य दिशा निर्देश दिए।

## पुष्परंजन मेहता ने महाराष्ट्रा की सरकार का जताया आभार

मोझिआंव (आजाद सिपाही)। हिंदू एकता मंच के बैनर तले आगामी विधानसभा प्रत्याशी पुष्परंजन मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि सबसे पहले महाराष्ट्र एकनाथ शिंदे की सरकार का गाय को राजकीय राजमाता का दर्जा देने के आभार व्यक्त करता हूं। जो यह कार्य कर पूरे देश के हिंदुओं के मान को बढ़ाया, तो वहीं दूसरी ओर वर्तमान झारखंड की हेमंत सरकार ने हिंदुओं के आने वाले आगामी त्योहारों को लेकर नयी गाइडलाइन जारी कर डीजे साउंड व ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाकर अपना दोहरे चरित्र को दिखाते हुए हिंदुओं को अपमानित करने का काम किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस मे राहुल चंद्रवंशी, विवेक सोनी, अजय बैठा, ललित पांडेय, पिंटू चंद्रवंशी, विकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/08/2024-25/RE-1

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड–हण्टरगंज, पंचायत–नावाडीह, ग्राम–खूटीकेवाल में चेतनाभारती खूटीकेवाल के पास धररी नदी पर पुल निर्माण। | 3,58,04,700/- | 7,16,100/- | 10,000.00 | 18 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –04.10.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–04.10.2024 से दिनांक–14.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 337837 (Rural Development)24-25*D


# जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी : भानु

**विधायक भानु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच को किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के मैदान में नीलकंठ युवा क्लब के द्वारा आयोजित नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार को वधायक भानु प्रताप शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त और फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए जहां भी जरूरत पड़ेगी मैं अपने स्तर से उन्हे हर संभव सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर आज झारखंड का कोई नाम रोशन किया है, तो वह क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी है, इसलिए आप लोग महेंद्र सिंह धोनी जैसा खिलाड़ी बनकर अपने गांव के साथ-साथ जिला और प्रदेश का नाम रौशन करे। कहा कि मैं आप लोगों के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब कैलान और बरडीहा के बीच खेला गया, जहां बरडीहा की टीम ने कैलान को 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में रेफरी की भूमिका प्रवेश साह तथा लाईनमैन की भूमिका छोटन कुमार और अमीत कुमार ने निभायी। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष नीलमनी कुमार, कोषाध्यक्ष अजय बड़ाइक, सचिव धर्मेंद्र कोरवा, खेल प्रभारी इम्तियाज आलम, मनोज, सनोज, दीपक, पारस बड़ाइक, मनोज, राजू, चंदन, मनीष, मेशी, गोलू उपस्थित थे।

## विधायक भानु ने रामलीला नाटक मंचन का किया उद्घाटन



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के चुंदी दुर्गा पूजा कमिटी, देवी धाम के तत्वधान में रामलीला नाटक मंचन का उद्घाटन विधायक भानु प्रताप शाही ने फीता काटकर व पूजा पाठ कर शुरूवात किया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चुंदी गांव के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पिछले कई वर्षो से नाटक मंचन का कार्यक्रम करना पुरानी संस्कृति को जीवित रहने के समान है। उन्होंने सभी कमिटी के पदाधिकारी को बधाई देते हुए हौसला बढ़ाया। कमिटी के अध्यक्ष संतोष शाह ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा आपसी बढ़ चढ़ कर सहयोग से इस तरह का कार्यक्रम सफल होते आ रहा है। सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि दशहरा पूजा असत्य पर सत्य का प्रतीक है। जिसे हम सभी को मिलजुल मनाने की जरूरत है। मौके पर मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, अकलु साह, रामप्यारे प्रजापति, कालीचरण साह, अजय साह, विशुनदेव प्रजापति, गुलाबचंद साह, नंद कुमार प्रजापति, सत्यनारायण साह, प्रभु भुईयां, राकेश विश्वकर्मा, शंभू यादव, कृष्णा यादव, चंदेव प्रजापति, जगनरायण, मोहन, रमेश, मंतोष पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति – अल्पकालिन आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/12/2024-25 Re tender

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक: 03.10.2024 |
| 3 | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि | :– | दिनांक 13.10.2024 अपराहन 02:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट | :– | केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान | :– | दिनांक: 14.10.2024 अपराहन् 02:00 बजे तक। |
| 6 | मद का नाम | :– | AMRUT 2.0 |
| 7 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9962405690 8084609105 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | Rejuvenation Of Hesla Talab under Nagar Parishad Ramgarh | 2069499.21 | 41390.00 | 5000 | 180 दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लंबित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 337790 District(24-25).D

# इच्छा मृत्यु पर गाइडलाइन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इच्छा मृत्यु को लेकर जारी किए गए गाइडलाइंस के मसौदे ने इस पर जारी बहस को तेज कर दिया है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने भी यह कहते हुए आपत्ति की है कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाये जाने का फैसला करने की जिम्मेदारी डॉक्टरों पर डालना ठीक नहीं है। इससे उन पर दबाव बढ़ जायेगा। इच्छा मृत्यु के भावनात्मक, कानूनी और चिकित्सकीय पहलू इससे जुड़े किसी भी मामले में फैसला लेना कठिन बना देते हैं। लेकिन फिर भी फैसला तो करना ही होता है। सुप्रीम कोर्ट भी 2018 में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की कुछ शर्तों के साथ इजाजत दे चुका है। ऐसे में फैसले की प्रक्रिया जितनी स्पष्ट और परिभाषित होगी, फैसला लेना और उसे लागू करना उतना आसान होगा। सरकार की ओर से गाइडलाइंस जारी करने की पहल के पीछे यही सोच है। गाइडलाइंस के मसौदे को देखें तो इसमें यह प्रयास स्पष्ट नजर आता है कि फैसला कई स्तरों पर परखे जाने के बाद ही अमल में आये। इसके मुताबिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जरूरत और उसकी उपयोगिता पर फैसला करने वाले प्राइमरी मेडिकल बोर्ड में प्राइमरी फिजीशन के अलावा कम से कम दो ऐसे एक्सपर्ट होंगे, जिनके पास कम से कम 5 साल का अनुभव होगा। इसके बाद सेकंडरी मेडिकल बोर्ड इस फैसले की समीक्षा करेगा, जिसमें सीएमओ द्वारा मनोनीत एक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के अलावा दो एक्सपर्ट होंगे। इसके साथ ही पेशेंट के परिवार की सहमति भी जरूरी होगी। केस की बारीकी के आधार पर निष्कर्ष तो आज भी डॉक्टरों का ही होता है, लेकिन वे पेशेंट या परिजनों को पूरी स्थिति समझाते हैं और फिर पेशेंट या परिवार फैसला करता है। फैसला करने से डॉक्टरों की हिचक समझी जा सकती है। दरअसल, यह प्रफेशन ही मरीजों को बचाने का है। डॉक्टर आखिरी पल तक मरीज को बचाने का प्रयास करते हैं, भले ही कुछ मामलों में यह कोशिश नाकाम हो जाये। ऐसे में इलाज के दौरान किसी खास बिंदु पर उन प्रयासों से हाथ खींचने का फैसला स्वाभाविक ही कई डॉक्टरों को अपने पेशे से अन्याय लग सकता है। मगर यहां कई पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि जीवन की गरिमा के साथ ही मौत की गरिमा का सवाल भी जुड़ा है। फिर संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की भी बात है। अगर किसी मरीज के ठीक होने की संभावना नहीं रह गयी है, तो उन मेडिकल संसाधनों का उपयोग ऐसे मरीज को बचाने में करना बेहतर है, जिसे बचाया जा सकता हो। बहरहाल, सरकार ने गाइडलाइंस के इस मसौदे पर 20 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। उम्मीद की जाये कि आने वाले तमाम सुझावों की रोशनी में बनी गाइडलाइन ज्यादा उपयुक्त और ज्यादा व्यावहारिक होगी।

**बहरहाल, सरकार ने गाइडलाइंस के इस मसौदे पर 20 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। उम्मीद की जाये कि आने वाले तमाम सुझावों की रोशनी में बनी गाइडलाइन ज्यादा उपयुक्त और ज्यादा व्यावहारिक होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2018 में सरकार द्वारा आरंभ की गयी इस योजना में पहले केवल निर्धन वर्ग ही 5 लाख तक के कैशलैस कवर के जरिए इसका लाभार्थी बन सकता था। निम्न वर्ग के जो वरिष्ठ नागरिक पूर्व में ही इस योजना का लाभ उठा रहे थे, उन्हें अब 5 लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के जो वरिष्ठ नागरिक पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे विकल्प के रूप में पुरानी अथवा नयी योजना में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।**

# बुजुर्गों का जीवन चिंतामुक्त बनाना सरकारों का दायित्व

दीपिका अरोड़ा




**केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का नियमित तथा सुचारू संचालन हो तो ही बुजुर्गों की अवस्था को लेकर समाज की वर्तमान तस्वीर बदल सकती है। बदलती तस्वीर का सकारात्मक रुख अपने आप में सर्वांगीण राष्ट्रीय विकास का द्योतक है, जो समयानुसार मिलते अनुभवों के साथ अपना दायरा विस्तृत करते हुए इससे जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी स्वयंमेव अपेक्षित विस्तार देता चला जाता है।**

धन संचय मानव जीवन की प्राथमिकता मानना भले ही उपयुक्त न हो किंतु आत्मनिर्भरता के स्तर पर आर्थिक रूप से सुदृढ़ होना अपने आप में बहुत महत्व रखता है; विशेष रूप से वृद्धावस्था में, जब अप्रत्याशित रूप से बढ़त बनाते जा रहे रोगों के समुचित उपचार हेतु पर्याप्त धनराशि की आवश्यकता महसूस होने लगे। राष्ट्रीय स्तर पर वस्तुस्थिति का अवलोकन करें तो नियमित आय स्रोत उपलब्ध न होने के कारण बुजुर्गों की एक बड़ी संख्या चिकित्सीय लाभ उठाने से वंचित रह जाती है।

इसी बात को संज्ञान में रख कर हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की परिधि को विस्तार देते हुए, 70 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल करने का निर्णय लिया है।

वास्तव में यह विचार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र का ही अंश है, जिसके तहत सरकार बनने पर देश के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया करवाने का वायदा किया गया था। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत, देश के लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के करीब 6 करोड़ वरिष्ठजनों को 5 लाख रुपये के निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर से लाभान्वित करने की बात कही जा रही है। इसके अनुसार, उन्हें बिना किसी भेदभाव अलग से कार्ड जारी किये जायेंगे, भले ही उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। परिवार में 70 साल के दो बुजुर्ग होने पर उन्हें इस योजना का लाभ सांझे तौर पर मिलेगा।

**महंगाई के दौर में संसाधनों की कमी के चलते अतिरिक्त खर्च उठा पाना सभी के लिए संभव नहीं।**

2018 में सरकार द्वारा आरंभ की गयी इस योजना में पहले केवल निर्धन वर्ग ही 5 लाख तक के कैशलैस कवर के जरिए इसका लाभार्थी बन सकता था। निम्न वर्ग के जो वरिष्ठ नागरिक पूर्व में ही इस योजना का लाभ उठा रहे थे, उन्हें अब 5 लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के जो वरिष्ठ नागरिक पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे विकल्प के रूप में पुरानी अथवा नयी योजना में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

परिवर्तित समय की बात करें तो हमारा सामाजिक परिदृश्य बड़ी तेजी से बदल रहा है। आजीविका उपार्जन हेतु परदेस जाने की विवशता अथवा स्वतंत्र जीवन जीने की अभिलाषा के चलते संयुक्त परिवार व्यवस्थाएं टूट रही हैं, जिसका सीधा असर बुजुर्गों के रहन-सहन पर पड़ा है। एकाकीपन का दंश सहने के साथ निरंतर गिरता स्वास्थ्य संभालने की सोच एक बड़ी चिंता बन कर उभरने लगी है। राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गों को आर्थिक सुदृढ़ता, आवासीय सुरक्षा अथवा संतोषजनक चिकित्सीय सुविधा मुहैया करवाने के विषय में हमारी व्यवस्थाएं अनेक पाश्चात्य देशों की अपेक्षा कहीं पीछे हैं।

निजी क्षेत्र की चिकित्सा महंगी होने के कारण बहुत से लोगों की पहुंच से बाहर है, जबकि सरकारी चिकित्सा का ढांचा संतोषजनक नहीं आंका जा सकता। महंगाई के दौर में संसाधनों की कमी के चलते अतिरिक्त खर्च उठा पाना सभी के लिए संभव नहीं। नाममात्र की जमापूंजी यदि दैनिक आवश्यकर्ताओं की पूर्ति तक ही सीमित हो, तो ऐसे में समस्याओं का गहराना स्वाभाविक है। हैल्पएज इंडिया एनजीओ द्वारा किये गये एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण से संबद्ध आंकड़े, भारत के कम से कम 47 प्रतिशत वृद्धजन आर्थिक रूप से अपने परिवारों पर आश्रित होने तथा 34 प्रतिशत बुजुर्ग पेंशन एवं सरकारी नकद हस्तांतरण पर निर्भर होने की बात बताते हैं।

कोलियर्स इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुमानानुसार वैश्विक स्तर पर अगले तीन दशकों में 60 वर्ष से ऊपर के 2.1 अरब लोगों में से, भारत की हिस्सेदारी 17% होगी, जोकि देश में वरिष्ठ नागरिक देखभाल के लिए महत्वपूर्ण मांग वृद्धि का संकेत देने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अधिक निवेश की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करती है। अनुभवी बुजुर्ग देश की अमूल्य धरोहर हैं। उनका जीवन चिंतामुक्त बनाना परिवार, समाज, प्रशासन एवं सत्तारूढ़ सरकारों का प्रथम दायित्व होना चाहिए।

केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से व्यय वहन करने वाली आयुष्मान भारत योजना निःसंदेह बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक एवं स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो सकती है, बशर्ते कार्यान्वयन प्रक्रिया को सतही आधार पर प्रत्येक प्रकार से ठोस बनाकर सुविधाओं का दुरुपयोग रोकना सुनिश्चित किया जाये। सरकारों के लिए यह देखना भी अनिवार्य है कि 6 करोड़ वृद्धजनों के लिए इलाज हेतु जिलों में पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध हैं या नहीं! ढांचा उपयुक्त न होने से बहुतेरी योजनाएं मात्र कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाती हैं।

केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का नियमित तथा सुचारू संचालन हो तो ही बुजुर्गों की अवस्था को लेकर समाज की वर्तमान तस्वीर बदल सकती है। बदलती तस्वीर का सकारात्मक रुख अपने आप में सर्वांगीण राष्ट्रीय विकास का द्योतक है, जो समयानुसार मिलते अनुभवों के साथ अपना दायरा विस्तृत करते हुए इससे जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी स्वयंमेव अपेक्षित विस्तार देता चला जाता है।

## देश-विदेश की खबरें

### केंद्रीय मंत्री ने किसान और किसान संगठनों से किया संवाद

# किसानों को घटिया बीज नहीं मिले, इसके लिए कानून को और कड़ा बनाने को लेकर विचार करेंगे : शिवराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रत्येक मंगलवार किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम में मंगलवार नयी दिल्ली में किसान संगठनों के सदस्यों से चर्चा की। श्री चौहान ने किसान संगठनों के आये सभी अध्यक्ष, संयोजक व किसानों का स्वागत किया। किसान संगठनों ने कृषि की लागत कम करना, लाभकारी मूल्य देना, फसलों को पानी के भराव से बचाना, कीटनाशक व अच्छा बीज मिल सके और फसल को पशुओं से कैसे बचा सकें आदि के संबंध में चर्चा की एवं कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। श्री चौहान ने बताया कि किसान अनियंत्रित कीटनाशकों एवं उर्वरकों के उपयोग से धरती के स्वास्थ्य के खराब होने को लेकर भी चिंतित हैं और सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी तक कैसे पहुंचे, ताकि सभी किसान उसका लाभ उठा पायें।

किसानों ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई बार किसान योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। फसल बीमा योजना अच्छी योजना है, लेकिन सभी किसानों का बीमा नहीं हो पाता है। किसान क्रेडिट कार्ड पर पैसा मिलने के संबंध में भी किसानों ने सुझाव दिये हैं। किसानों ने कई व्यवहारिक समस्याएं सामने रखी हैं जैसे ट्रांफार्मर के जलने पर उसे समय सीमा में बदला जाये, ताकि फसल की सिंचाई प्रभावित न हो। किसानों ने फैक्ट्रियों से दूषित पानी निकलने और उससे फसलें या भूमिगत जल खराब होने की समस्या पर भी चर्चा की। मेरे लिए यह चर्चा बहुत उपयोगी है, क्योंकि किसानों की सेवा ही भगवान की पूजा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याएं ऐसी हैं कि दिखने में छोटी लगती हैं, लेकिन इनका समाधान हो जाये तो किसानों की 10 से 20 प्रतिशत आमदनी बढ़ जायेगी। इसलिए हमने तय किया है कि जो केंद्र सरकार से संबंधित समस्याएं हैं, जैसे किसानों को घटिया कीटनाशक एवं बीज न मिलें, इसके लिए कानून को और कड़ा बनाने आदि को लेकर केंद्र सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि कई चीजें ऐसी हैं, जो राज्य सरकारों को करनी हैं। किसानों के राज्यों से संबंधित सुझाव हम राज्य सरकारों को भेजेंगे।

उन्होंने बताया कि किसानों ने मैनुअल सर्वे से रिकार्ड को मेंटेन करने से होने वाली परेशानी से बचने को लेकर भी सुझाव दिये हैं, जो कि बहुत ही उपयोगी हैं। मैं किसानों को बहुत धन्यवाद देता हूं कि वे चर्चा के लिए आये और उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव दिये। हमें जो सुझाव मिले हैं उन पर मिल कर काम करेंगे और समस्याओं के समाधान पर राज्य सरकारों के साथ मिल कर भी प्रयास करेंगे।

# बॉलीवुड एक्टर गोविंदा के पैर में गोली लगी, रिवॉल्वर रखते वक्त मिसफायर

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की रिवॉल्वर से गोली लगी। वो रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गयी। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गयी है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे। उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गयी है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार मुंबई पुलिस ने घटना के बाद गोविंदा की रिवॉल्वर जब्त कर ली है। दोपहर में मुंबई पुलिस उनके घर पर जांच के लिए पहुंची है।

# सुपरस्टार रजनीकांत अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** सुपरस्टार रजनीकांत को 30 सितंबर की देर रात चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पेट दर्द की शिकायत बतायी जा रही है। उधर अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को रजनीकांत की दिल से जुड़ी सर्जरी की जायेगी। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। रजनीकांत की पत्नी लता ने कहा कि सब ठीक है। वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ साई सतीश ने महाधमनी में एक स्टेंट लगाया और सूजन को पूरी तरह से बंद कर दिया। रजनीकांत स्थिर हैं और ठीक हो रहे हैं। वह दो दिन में घर भी लौट जायेंगे।

# सितंबर में जीएसटी से 1.73 लाख करोड़ आये

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सरकार ने सितंबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी जीएसटी से 1.73 लाख करोड़ रुपये जुटाये हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.5% की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने पिछले साल सितंबर में 1.62 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने अगस्त में सरकार ने जीएसटी से 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाये थे। जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमी की ओवरऑल हेल्थ का एक संकेतक है। अप्रैल महीने के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ों पर केपीएमजी के नेशनल हेड अभिषेक जैन ने कहा कि अब तक का हाइएस्ट जीएसटी कलेक्शन मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

# कॉमर्शियल सिलेंडर 48 रुपये महंगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1 अक्टूबर से 48 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1740 रुपये का मिलेगा। इसके अलावा एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को 6,099 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक घटा दिया है।

# जम्मू-कश्मीर में 5 बजे तक 65% वोटिंग

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण की वोटिंग मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई। 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर 5 बजे तक 65.48% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91% वोटिंग हुई। सबसे कम बारामूला में 55.73% मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक चलने वाली वोटिंग में 39.18 लाख वोटर्स शामिल हो रहे हैं। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं।

### दो बहनों से जुड़ा केस : कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

# सद्गुरु के ईशा फाउंडेशन की 150 पुलिस अधिकारियों ने ली तलाशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चेन्नई।** कोयंबटूर के थोंडामुथुर स्थित ईशा फाउंडेशन के आश्रम में सोमवार को 150 पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी ने छापेमारी की। इस ऑपरेशन का नेतृत्व एक सहायक उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी ने किया, जिसमें तीन डीएसपी भी शामिल थे। यह कार्रवाई मद्रास हाई कोर्ट द्वारा फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों पर रिपोर्ट मांगे जाने के एक दिन बाद की गयी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस छानबीन में आश्रम के सभी निवासियों का विस्तृत सत्यापन और कमरों की तलाशी ली जा रही है। यह छापेमारी उस याचिका के बाद की गयी, जिसमें एक रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ एस कमराज ने दावा किया था कि उनकी दो बेटियां, गीता कमराज (42) और लता कमराज (39), फाउंडेशन में जबरन रखी गयी हैं। प्रोफेसर ने आरोप लगाया कि ईशा फाउंडेशन लोगों का मानसिक नियंत्रण कर उन्हें संन्यासी बना रहा है और उनके परिवारों से संपर्क तोड़ रहा है।

याचिका पर सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के संस्थापक जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) के जीवन में पाये गये विरोधाभासों पर सवाल उठाये। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और वी शिवगणनम ने पूछा कि साधगुरु, जिन्होंने अपनी बेटी की शादी कर उसे सुखी जीवन दिया है अन्य युवतियों को सिर मुंडवा कर संन्यासी जीवन जीने के लिए क्यों प्रेरित कर रहे हैं?

प्रोफेसर कमराज की याचिका में उनकी बेटियों की पेशेवर उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया है। याचिका के अनुसार उनकी बड़ी बेटी यूके के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से मेक्ट्रोनिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उसने 2008 में अपने पति से तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग कक्षाएं लेना शुरू किया था। बाद में उनकी छोटी बेटी, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, वह भी आश्रम में रहने लगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फाउंडेशन ने उनकी बेटियों को ऐसा भोजन और दवाइयां दीं, जिससे उनकी मानसिक स्थिति कमजोर हो गयी और उन्होंने परिवार से संपर्क तोड़ दिया।

हालांकि कोर्ट में पेश होने पर दोनों बेटियों ने दावा किया कि वे अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं और उन पर कोई दबाव नहीं है, लेकिन न्यायाधीश पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए। जस्टिस शिवगणनम ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि अपनी बेटी की शादी करने और उसे अच्छा जीवन देने वाले व्यक्ति ने दूसरों की बेटियों को संन्यासी जीवन जीने के लिए क्यों प्रेरित किया है?

याचिकाकर्ता के अनुसार उस डॉक्टर पर आदिवासी सरकारी स्कूल की 12 लड़कियों से छेड़छाड़ का आरोप है। ईशा फाउंडेशन की ओर से अधिवक्ता के राजेंद्र कुमार ने तर्क दिया कि वयस्क अपने जीवन के फैसले स्वयं लेने का अधिकार रखते हैं, जिसमें आध्यात्मिक मार्ग चुनना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कोर्ट का इस प्रकार के निजी फैसलों में हस्तक्षेप अनुचित है।

# थाइलैंड में स्कूल बस में आग, 25 स्टूडेंट्स की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** थाइलैंड में एक स्कूल बस में आग लगने से 25 छात्रों की मौत हो गयी है। बस में 44 लोग सवार थे, जिनमें से 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल रेस्क्यू वर्कर्स बाकी बच्चों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आयी है। हालांकि मौके पर मौजूद चश्मदीदों का कहना है कि बस का टायर फटने की वजह से आग लगी। हादसा बैंकॉक के खू खोट इलाके में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। बस एक स्कूल ट्रिप से लौट रही थी। बस में 3 से लेकर 15 साल की उम्र तक के बच्चे मौजूद थे। इसके अलावा इनके साथ 5 टीचर भी सवार थे। बस का ड्राइवर फरार है। थाइलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा ने हादसे में जाने गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को घटनास्थल पर जाकर हालात का जायजा लेने का आदेश दिया है।

वहीं देश के गृह मंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा कि बचावकर्मियों के पहुंचने के बाद भी बस इतनी ज्यादा गर्म थी कि उसके अंदर जाना बेहद मुश्किल था। इस वजह से हादसे के काफी देर बाद तक शव बस में ही थे।

# वाराणसी के 14 मंदिरों से साईबाबा की मूर्तियां हटायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी में सनातन रक्षक दल ने मंगलवार को 14 मंदिरों से साईं बाबा की मूर्तियां हटा दीं। दल के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सनातन मंदिर में सनातन देवी-देवता होने चाहिए। साईं बाबा की कुछ मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया गया और कुछ को उनके मंदिरों में पहुंचाया जा रहा है। सनातन रक्षक दल ने अभी 100 और मंदिरों की लिस्ट बनायी है। तीन दिन पहले शहर के सबसे प्रमुख बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को हटा कर गंगा में विसर्जित किया गया था। पुरुषोत्तम मंदिर से भी मूर्ति हटायी जा चुकी है। इसके अलावा कई मंदिरों में मूर्तियों को सफेद कपड़े में लपेट कर रख दिया गया है।

सनातन रक्षक दल के बड़ी संख्या में सदस्य लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे थे। यह ऐतिहासिक मंदिर है, यहां रोज हजारों भक्तों की भीड़ रहती है। मंदिर परिसर में 5 फीट की साईं मूर्ति भी स्थापित थी। सनातन रक्षक दल के सदस्य यहां से साईं की मूर्ति को कपड़े में लपेट कर ले गये और गंगा में विसर्जित कर दिया।

उधर समाजवादी पार्टी ने कहा कि ये लोग काशी का माहौल खराब कर रहे हैं।

## संवाद आपके साथ कार्यक्रम में गूंजी गुमला में एक सीट कांग्रेस को देने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** पिछले 30 सितम्बर को रांची लालगुटुवा के बैंकेट हॉल में प्रदेश कांग्रेस के द्वारा अयोजित संवाद आपके साथ कार्यक्रम में एक बार फिर गुमला जिले के तीनों विस क्षेत्र में से एक सीट कांग्रेस को देने पर जोरदार आवाज उठायी गयी। इस कार्यक्रम में गुमला जिला के सैंकड़ो कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी सह भारतीय रास्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सैयद गुलाम मीर, सह प्रभारी व छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बाघेल, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के साथ प्रदेश कांग्रेस कोटे के तमाम मंत्री एवं विधायक उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात गुमला जिला के कांग्रेस पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रभारी मो. मीर साहब से मिलकर आगामी होनेवाले विधानसभा चुनाव में गुमला जिले के तीन विधानसभा में से कम से कम दो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेश पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ने की तार्किक रूप से बात रखी। प्रतिमिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, प्रदेश सचिव अकिल रहमान, प्रदेश प्रतिनिधि मुरली मनोहर प्रसाद, मो कलाम, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि मानिक चंद साहू, पदेश प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर के साथ अन्य लोग शामिल थे।

### घाघरा के कासपोड़या में ग्रामीणों ने की बैठक, लिया निर्णय

## रोड नहीं तो वोट नहीं पर बनी सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के कासपोड़या गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों ने कहा है कि पिछले कई बार से प्रखंड प्रशासन, जिला प्रशासन व प्रतिनिधियों से सड़क बनाने का मांग किया गया पर किसी ने इस पर पहल नहीं की। जिस कारण गांव के सभी लोग बैठक कर वोट बहिष्कार का निर्णय लिए है। उन्होंने कहा है कि रास्ते पर नुकीले पत्थर निकल आए हैं, वाहनों का परिचालन बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यहां बता दें की नारायण साहू कंट्रक्शन कंपनी के द्वारा 2019 में सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क बनने के कुछ महीना बाद से ही सड़क टूटने लगे थे। अब स्थिति ऐसा हो गया है की पूरे सड़क पर नुकीले पत्थर निकल आए है जिसमें लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क को बनाने के लिए ग्रामीण मांग कर रहे हैं पर किसी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक व अधिकारिय इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे है अंत में ग्रामीणों ने आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रवीण साहू, अभिषेक साहू, रविंद्र साहू, सुखदेव लोहार, रामधनी उरांव, राम उरांव, परमेश्वर मुंडा, नागदू लोहरा, इतवा उरांव, महेश लोहार, कमल लोहार, योगेंद्र साहू, सुरेंद्र लोहार, राजू साहू, विग्नेश्वर साहू, महानंद साहू सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## रसोइया दीदियों ने फ्रिज खाता खुलवाने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय महिला फेडरेशन गुमला की अध्यक्ष आशा भगत के नेतृत्व में प्रखंड के रसोईया दीदियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर केवाईसी के नाम पर बैंक आफ इंडिया बिशुनपुर के द्वारा फ्रिज किये अकाउंट को खुलवाने की गुहार लगाया है। आशा भगत ने कहा कि फरवरी माह से प्रखंड में कार्यरत रसोइयाओ के बैंक ऑफ इंडिया में खुलवाए गये खाता को केवाइसी के नाम पर फ्रीज कर दिया गया है। बैंक प्रबंधक के द्वारा केवाइसी के लिए मांगे गये तमाम डॉक्यूमेंट बैंक को उपलब्ध करा दिया गया है फिर भी खाता खोलने की पहल बैंक कर्मियों के द्वारा नहीं की जा रही है। खाता बंद होने के कारण रसोईया दीदी रूपये के लिए तरस रही हैं कोई भी आवश्यक का काम नहीं हो पा रहा है। बैंक जाने से बैंक कर्मी यह कह कर लौटा देते हैं कि आप लोगों का डॉक्यूमेंट ऑनलाइन किया गया है ऊपर से खाता अनब्लॉक होगा तभी आप लोग खाता में लेनदेन कर पायेंगे। यह सब सुनकर थक हार कर आज हम लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर खाता खुलवाने की मांग की है ताकि रसोइया दीदी आगामी आने वाले दशहरा का पर्व मनाते हुए अपनी जरूरी के काम कर सकें।

## जायसवाल इंटरप्राइजेज पर ग्रामीणों ने कोयल नदी से बालू चोरी का लगाया आरोप




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गम्हरिया में जायसवाल इंटरप्राइजेज बालू डंपिंग यार्ड में बगल से कोयल नदी से बालू चोरी कर डंपिंग यार्ड में जमा करने की ग्रामीणों के शिकायत के बाद अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने जायसवाल इंटरप्राइजेज के मालिक अनिल जायसवाल को नोटिस जारी करते हुए अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर बालू भंडारण कहां से लाकर और कब-कब लाया गया। इससे संबंधित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि लगातार ग्रामीणों से शिकायत मिल रही थी कि अनिल जायसवाल के द्वारा अगल-बगल के नदियों से बालू की चोरी कर डंपिंग यार्ड में जमा किया जाता है। जिसके बाद अवैध तरीके से बेच दिया जाता है। जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंच रहा है। इस निमित्त अनिल जायसवाल भंडारण से संबंधित दस्तावेज का मांग किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया या फिर उपस्थित नहीं हुआ तो सभी बालू को जब्त कर प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## डीलर पर ग्रामीणों ने कम राशन देने का लगाया आरोप

**लाभुकों के शिकायत के बाद भड़की प्रमुख, वजन कराने पर राशन निकाला 7 किलो कम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** महामाया महिला मंडल के राशन दुकानदार के द्वारा राशन कम दिए जाने की शिकायत लाभुकों ने प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव एवं उप प्रमुख चंदन कुमार सिंह से की थी। जिसके बाद एजीएम बालचंद उरांव को साथ लेकर जनप्रतिनिधि उक्त महिला मंडल की दुकान पहुंचे जहां राशन डीलर के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा था। प्रमुख व उपप्रमुख ने लाभुकों को दिए गए राशन को दोबारा वजन कराया। जिसमें देखा गया कि देवनाथ उरांव नीरासी निवासी को 35 किलो के जगह मात्र 29 किलो पनसारी उरांव को 40 केजी के जगह में मात्र 33 किलो बसंती खेरवारीन को 15 के जगह 12 किलो अरविंद खेरवार को 30 के जगह मात्र 25 किलो राशन दिया गया था। इधर डीलर की मनमर्जी देखने के उपरांत प्रमुख व उपप्रमुख भड़क उठे और डीलर को जमकर डांट लगयी। उन्होंने प्रखंड के तमाम डीलरों को चेताते हुए कहा है कि अंगूठा लेने के साथ ही राशन का वितरण करें। अगर कहीं से कम राशन दिए जाने या राशन डीलर के द्वारा मनमर्जी किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो मैं निश्चित रूप से कार्रवाई के लिए विभागीय वरीय पदाधिकारी को लिखूंगी।

**प्रमुख ने डीएसओ को आवेदन सौंप कर मामले से कराया अवगत :** काम राशन दिए जाने के मामला प्रकाश में आने के बाद उक्त दुकानदार के कार्ड धारी ने कम राशन दिए जाने से संबंधित हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। उक्त लोगों ने कहा कि हम लोगों का गांव काफी दूर है जंगल पहाड़ होते हुए पैदल 8 घंटा चलते हैं तो राशन दुकानदार के पास पहुंचते हैं। जहां सिर्फ मशीन में किलो चढ़ा कर एक दिन अंगूठा लिया जाता है।

## पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना प्राथमिकता : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला सूचना भवन के सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिले वासियों को दुर्गा पूजा/ दशहरा की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्य के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

उपायुक्त ने कहा हमारी परम्परा के अनुसार पूजा-पाठ करना है। उन्होंने कहा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगी। बैठक में शांति समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 14 स्थानों में दुगार्पूजा पंडाल लगायें जायेंगे। उन्होंने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था सहित विद्युत, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, साफ-सफाई इत्यादि दुरूस्त करने का आग्रह किया। जिस पर उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया है कि दुर्गा पूजा/दशहरा पर्व के दौरान विद्युत, पेयजल, स्ट्रीट लाई, शहर की साफ-सफाई की समस्या न हो इसका ध्यान रखा जाएगा, पूजा के दौरान आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर सरकार द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन कराते हुए अपराध पर निगरानी रखने, लॉ एण्ड ऑर्डर पर विशेष ध्यान देने, विद्युत व्यवस्था सुद्दढ़ कराने, पूजा के दौरान भारी वाहनों तथा 4 चक्के वाहनों का शहर क्षेत्र में समय निर्धारित कर प्रवेश कराना सुनिश्चित कराने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा पंडालों के समीप एंबुलेंस में स्वास्थ्य की टीम के साथ तैनात करने का निर्देश दिया।

## दो दिवसीय चिकित्सा शिविर आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय,बसिया में आयुष मंत्रालय भारत सरकार की योजनानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना के चिकित्सकों के दल द्वारा दो दिवसीय चिकित्सा शिविर लगाया गया। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आयोजित इस चिकित्सा शिविर के चिकित्सकों की टोली में चालक समेत कुल पांच सदस्य थे। चिकित्सकों में डॉ. बालाजी पोटभरे (अनुसंधान अधिकारी), डॉ अभिनव प्रसाद तथा डॉ. पंकज कुमार (सीनियर रिसर्च फेलो) तथा रमेश कुमार (एमटीएन) थे। इन चिकित्सकों ने प्रथम दिन 70 तथा द्वितीय दिन 42 छात्रों शिक्षकों व कर्मचारियों को चिकित्सकीय सहायता प्रदान किया।

## चेंबर ने शहर की साफ-सफाई को लेकर नप प्रशासक से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला का एक प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद के प्रशासक संजय मरांडी से मिलकर गुमला शहर में व्याप्त गंदगी की साफ सफाई की मांग की। चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने शहर में लगे पेड़ों की झुकी हुई डालियों को काटने को लेकर अपनी बात रखी। चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की ओर से कहा गया कि आने वाले समय में त्योहार को देखते हुए शहर में युद्ध स्तर पर साफ सफाई करायी जाये। साथ ही कहा कि मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े पेड़ों की झुकी हुई टहनियों की छटनी करायी जाये। क्योंकि विसर्जन के दौरान माता की प्रतिमा को नगर भ्रमण करने का परंपरा है। विशेष पदाधिकारी ने अपनी ओर से सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राजेश सिंह, बबलू वर्मा, नीरज गुप्ता एवं ब्रिज फोगला शामिल हुए।

## बीडीओ ने दिव्यांग और सीनियर मतदाता को किया सम्मानित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ दिनेश कुमार ने घाघरा प्रखंड के दिव्यांग और सीनियर मतदाता को सम्मानित किया। इस क्रम में घाघरा निवासी पद्मावती देवी और ढीढौली निवासी डोकरा उरांव को उनके घर पहुंच पदाधिकारी ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह वीडियो दिनेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा सीनियर सिटीजन मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मानित किया जाना था। इस निमित्त सम्मानित का कार्यक्रम किया गया है। सभी कोई अपना मत का प्रयोग जरूर करें।

## शिक्षक और समाज भविष्य निर्माता बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बीएड प्रशिक्षण: प्राचार्य

**केओ कालेज में बीएड संकाय के नये सत्र का हुआ शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय के बीएड संकाय में शैक्षणिक सत्र 2024-26 का मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशुन निहार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, और उपस्थित छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संबोधित किया। प्राचार्य ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों को शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बीएड का यह सत्र आपके लिए केवल शिक्षण प्रशिक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आपको एक जिम्मेदार शिक्षक और समाज के भविष्य निमार्ता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य न केवल अकादमिक उत्कृष्टता है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि डॉ. प्रसनजीत मुखर्जी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, आज का शिक्षण पेशा न केवल बच्चों को ज्ञान प्रदान करने तक सीमित है, बल्कि शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होंने आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और तकनीकी ज्ञान को आत्मसात करने पर भी जोर दिया। महाविद्यालय के बीएड संकायाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद ने नये छात्रों का स्वागत करते हुए शैक्षणिक सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह सत्र विशेष रूप से नए शैक्षिक मानकों और नवाचारों पर आधारित होगा, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नीलम प्रतिमा मिंज द्वारा किया गया, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार साहू ने दिया। इस अवसर पर संकाय के अन्य सदस्य, कर्मचारीगण और नव-प्रवेशित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करें: बीडीओ



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बूथ सत्यापन कि तैयारी शुरू कर दी गयी है। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस कर्मियों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके लिए संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का सत्यापन कर वहां उपलब्ध सभी प्रकार के संसाधनों की बाबत जानकारी अद्यतन करने का भी निर्देश दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा, रूट चार्ट व बूथ पर बिजली पानी रैंप शौचालय भवन आदि सभी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी का प्रतिवेदन भी अगले बैठक में कार्यालय को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि किस बूथ का दूरी प्रखंड मुख्यालय से कितनी दूरी है तथा वहां जाने के लिए सड़क कैसा है। बूथ के नजदीक उसके आसपास कोई असमाजिक तत्व के लोग तो नही है जो बूथ पर मतदाताओं को मतदान के समय उनसे कोई परेशानी होता हो। उसका अवलोकन कर कुछ लोगो का नाम पता अंकित करते हुए उसका मोबाइल नम्बर भी कार्यालय को दे। इस बैठक मे बीडीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को बताते हुए बूथ का सत्यापन रिर्पोट स समय देने पर बल दिया। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 40वां स्वर्गीय कार्तिक उरांव साइकिल रेस संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** गांधी जयंती के उपलक्ष में विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा आयोजित 40 वां स्वर्गीय कार्तिक उरांव 51 किलोमीटर की साइकिल रेस का समापन जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र सह उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, भिखारी भगत, रामप्रसाद बड़ाईक, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत संस्था की शिक्षा प्रमुख कुमकुम मैत्री मंचासीन हुए। सर्वप्रथम महात्मा गांधी स्वामी विवेकानंद जतरा टाना भगत के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण सिंह ने कहा कि विकास भारती द्वारा पिछले 1992 से यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण परिवेश के युवक के प्रशन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र के महान जनजाति नेता स्वर्गीय कार्तिक उरांव की स्मृति में एक अक्टूबर को साइकिल रेस आयोजन करने के पीछे ग्रामीण युवा प्रतिभा को प्रोत्साहन देना है। नदिया लोहरदगा से 51 किलोमीटर साइकिल रेस का आयोजन किया गया था बुधवार को घाघरा से चिंगारी 28 किलोमीटर विकास युवा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। जिसके उपरांत संयुक्त रूप से अतिथियों द्वारा बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को साइकिल एवं कप सहित निर्धारित राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य सात प्रतिभागियों को संतानवना पुरस्कार एवं बच्चे सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

बालक वर्ग में सोमा उरांव सुरसा कोटारी गुमला प्रथम स्थान तेतरू गोप द्वितीय चंद्र उरांव तृतीय शंकर उरांव चतुर्थ राजेश गोप पंचम कार्तिक उरांव बिशुनपुर छठा स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में नीमा कुमारी कुगांव घाघरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि आरती कुमारी पालकोट द्वितीय नेहा टोपनो लोहरदगा तृतीय साझों उरांव गुमला चतुर्थ स्थान प्राप्त की।

## हैंडबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने स्पोर्ट्स अकादमी के दो खिलाड़ी रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** स्पोर्ट एकेडमी गुमला एवं गुमला हैंडबॉल एसोसिएशन ने अपने दो खिलाड़ी रोशन कुमार साहू एवं नीरज मांझी को हैंडबॉल प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए हैदराबाद रवाना किया। दोनों एस एस प्लस टू विद्यालय गुमला के छात्र हैं। दोनों का चयन 38 में राष्ट्रीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। आगामी 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के प्रस्थान करने के पूर्व मंगलवार को स्थानीय टावर चौक गुमला में स्पोर्ट एकेडमी गुमला के प्रशिक्षक सह निदेशक सैयद जुन्नु रेन ने कहा की सपोर्ट अकादमी खिलाडियों की प्रतिभा को निखार कर प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा जिले की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इस मौके पर गुमला की युवा समाजसेवी श्रीरंजन तिर्की ने खिलाड़ियों को मिठाईयां खिलाकर उत्साह बढ़ाया। वही स्पोर्ट अकादमी की हाफिजुर रहमान समाजसेवी, मांगू उरांव ने फूल माला पहनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर नेविक्रम राज ठाकुर, अनीश साहू, संतोष उरांव, अनुज मांझी, दीपक कुमार, दीपक साहू, केबुल अंसारी, तौसीफ अंसारी, शिवांशु उरांव, प्रीति रेशा तोपो, उर्मिला कुमारी ।आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन सौंप कर मूलभूत समस्या और सड़क निर्माण की मांग रखी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत कांसीर पंचायत के नीच डुमरी के ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। वही उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण व गांव में मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग रखी। दिए गए ज्ञापन में बताया है कि हम लोगों का गांव जमीन से काफी नीचे स्थान में है। कांसीर से नीच डुमरी की दूरी करीब 10 किलोमीटर है जो पूरा कच्चा मार्ग है। बरसात के दिनों में किसी प्रकार लोग आवागमन करते हैं। दो और चार पहिया वाहन का आवागमन हो ही नहीं पाता है। ग्रामीणों ने 10 किलोमीटर पक्की सड़क बनवाने की मांग की है। वही ग्रामीणों ने बताया गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बिजली, सड़क, पानी, शौचालय और शिक्षा को लेकर भारी परेशानी है। लोग खुले में शौच जाते हैं। वहीं पीने का पानी भी महिलाओं को काफी दूर से लाना पड़ता है। उपायुक्त को सौंपे आवेदन में 102 लोगों के हस्ताक्षर हैं। वही ग्रामीणों ने कहा पूर्व में भी गुमला उपायुक्त को मामले से संबंधित आवेदन सौंपा गया था। लेकिन आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हुई।

## एनएसयूआइ ने की डीएसडब्ल्यू से मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुछ दिनों पहले एस एस एल एन टी साइकोलॉजी डिपार्टमेंट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने कदम उठाए थे जो की यूनिवर्सिटी की तरफ से कहा गया कि उसे ठीक किया जाएगा लेकिन अभी तक उसका कुछ समाधान नहीं निकला जिस कारण मंगलवार 01अक्टूबर को फिर से एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की और बताया कि अभी तक रिजल्ट ठीक ना किए जाने पर छात्रों को पीजी का फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है। जिस कारण छात्रों का यह साल बर्बाद हो सकता है यह सुन डीएसडब्ल्यू ने कहा कि इसका समाधान जल्दी किया जायेगा तथा पीजी के फॉर्म भरने की तिथि को भी बढ़ाया जायेगा। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, सुन्नी सिंह, प्रिया गुप्ता, आयुष सिंह, ध्रुव, दीपक, श्रुति, अलेक्का, अनु, दीक्षा तथा अन्य छात्र मौजूद थे।

## बीडीए कॉलेज पिछरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा कॉलेज परिसर की साफ सफाई की गयी तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के प्रभारी प्रार्चाय प्रो सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा पंकज कुमार जोरियार ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। उनका विचार था कि स्वच्छता राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। इस कथन को मूर्त रुप देते हुए महाविद्यालय में लगातार स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम होते रहे हैं। इस अभियान में स्वयं सेवकों में रजनी कुमारी, अनिशा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनाली कुमारी, अर्चना अग्रवाल, मुस्कान कुमारी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर शिक्षक प्रो आसीत कुमार घोषाल, प्रो केतकी सिन्हा, प्रो विजय कुमार पाण्डेय, डेजी सिंह, संध्या कुजूर, प्रो सुकुन्डा कुजुर, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## बैदकारो में भीषण सड़क हादसा, पेड़ से टकराने के कारण कार चालक की मौत



**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैदकारो मंत्री मोड के समीप बस डिपो के पास हीरक सड़क पर मंगलवार को दोपहर लगभग २.३० बजे सड़क किनारे एक पेड़ से कार टकरा गया। हादसे में कार चालक राकेश सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक डीवीसी बेरमो माइंस में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि राकेश सिंह डीवीसी बेरमो माइंस से मारुति कार संख्या जेएच 10 सीए 6949 से अंबेडकर चौक बारीग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे में कार चालक राकेश सिंह की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे गांधीनगर थाना के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो समाजसेवी सिंटू तिवारी कपिल रविदास सहित स्थानीय लोगों के सहयोग से कार चालक को इलाज के लिए ढ़ोरी रिजनल अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत श्री सिंह को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शव को अस्पताल के मर्चरी में रखा गया है। कार चालक राकेश सिंह बिहार राज्य के छापरा जिला का निवासी है। धटनास्थल पर समाजसेवी कार्तिक महतो, महादेव महतो, देवी सिंह, राजन चंद्रवंशी, बीकू, सौरभ सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# धनबाद में जमीन कारोबारी की गोली मार कर हत्या, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सदर थाना इलाके के नावाडीह में जमीन कारोबारी को सटा कर गोली मारी गयी असर्फी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। मौके पर धनबाद पुलिस के डीएसपी और थानेदार छानबीन कर रहे हैं। घटना स्थल के आसपास का सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा है। धनबाद में मंगलवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। अपराधियों ने गोली मारकर शहाबुद्दीन सिद्दीकी नामक जमीन कारोबारी की हत्या कर दी है। गोली मारने के बाद बाईक सवार तीन अपराधी भाग निकले। मरने वाला पांडरपाला का रहने वाला शहाबुद्दीन सिद्दीकी बताया गया है। बता दें कि विनोद बिहारी चौक के पास में शहाबुद्दीन सिद्दीकी का कार्यालय है, वह झरिया से लौटकर ऑफिस जा रहे थें कि घात लगाये अपराधियों ने सटाकर गोली दाग दी। उसके बाद आनन फानन में उसे अशर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी है।

डीएसपी विधि व्यवस्था, डीएसपी साइबर, डीएसपी ट्रैफिक भी पहुंचे, मामले की जांच पुलिस कर रही है। डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने बताया कि जो भी अपराधी घटना में शामिल है उसकी छानबीन चल रही है उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## सम्मानित कर मना अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों का आश्रम स्थल ओल्ड एज होम में मंगलवार को बहुत ही श्रद्धा से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आश्रम में धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव राकेश रौशन, धनबाद जिला समाज कल्याण विभाग की पदाधिकारी अनीता कुजूर समाज कल्याण विभाग नियाज अहमद समेत धनबाद के कई समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने ओल्ड एज होम पहुंचकर समस्त वृद्धजनों को माला पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा आज बुजुर्गों के सम्मान का दिन है। धनबाद में दो वृद्धजनों का आश्रम है जिनके अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने आग्रह किया की आज के दिन कम से कम 5 मिनट के लिए भी ओल्ड एज होम आए जो कोर्ट से नजदीक ही है। जबकि आज कोर्ट डे है, लेकिन उनका आदर सम्मान के लिए आजसे अच्छा कोई दिन नहीं हो सकता था वृद्धजनो संग सेलिब्रेट करने का यह सोचकर आश्रम में उन्हें सम्मानित करने पहुंचा हूं। लेकिन फिर भी आज सोसाइटी में जो भी ऐसे बेटे हैं जो इस हालत में अपने माता-पिता को छोड़ चुके हैं, उनसे प्रार्थना रहेगा की आपका ऐसा कोई दिन नहीं रहे जिस दिन आपको बिना मां-बाप के बिना जीना पड़े। और जब से न्यायाधीश राकेश रौशन धनबाद आये हैं तभी से आश्रम के वृद्धजनों का बहुत ही ख्याल रख रहे हैं। साथ साथी आज के दिन आश्रम में आए हुए पंख एक नई दिशा के सदस्याओं, रोटी बैंक एवं अन्य संस्थाओं का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने आज आश्रम पहुंच कर समस्त वृद्धजनों को सम्मान और सेवा दिया है। साथ ही साथ आश्रम में वृद्ध जनों के जीवन यापन एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी तरह का सहयोग करने वाले सारे बेटे बेटियों का मैं नमन करता हूं जिनके सहयोग से जिन बच्चों ने अपने मां बाप को छोड़ दिया है उन असहाय प्यार के भूखे माता पिता तुल्य वृद्धजनों को हम सब प्यार, सम्मान अपनापन और सुविधा देकर आश्रम संचालित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर मंजू दास, डी पी सी रेखा सिंह, लालदेव रजक जिला कार्यक्रम सहायक फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी, ऋतु गुप्ता, रंजना सिंह, नम्रता गुप्ता, पंख एक उड़ान की पिंकी गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सोनी वर्मा, कल्पना रंजन, श्रुति, रवि कुमार, शशि शेखर, सुधा गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, रिंकू, आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** डीसी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके।

## प्रयास इंडिया ने ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यक्रम का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** बी.आई.टी. सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास इंडिया' ने 1 अक्टूबर 2024 को एक सफल ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए प्रथम वर्ष के छात्रों को संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों से परिचित कराना था। इस आयोजन में बीआईटी सिंदरी के निदेशक 'डॉ. पंकज राय' अभिविन्यास प्रभारी आर.के. वर्मा समन्वयक प्रो. संजय पाल और प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त, कई अन्य छात्रों ने भी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया, जिसका उल्लेख कार्यक्रम के दौरान किया गया। प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें प्रेरित किया, जिससे कार्यक्रम को सफलता मिली।

## जामाडोबा डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज हो: भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** जामाडोबा डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज होना चाहिए। संविधान निमार्ता के नाम से एक ऐतिहासिक स्थान धनबाद में नहीं है। इस कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा भी बननी चाहिए। साथ ही कॉलेज में उनके नाम से एक हाईटेक लाइब्रेरी होना चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि बाबासाहब की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने दलित, वंचित के लिए जो किया वह भुलाया नहीं जा सकता है।

भाजपा नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि यह आंदोलन इतिहास के पन्नो पर लिखा जयेगा। जब तक नाम नहीं रखा जाता आंदोलन जारी रहेगा। राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने कहा कि जब तक डिग्री कॉलेज का बाबासाहब के नाम से नहीं होता यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। बप्पी बाउरी ने कहा कि नाम से साथ कॉलेज को हाईटेक बनाने तक आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान राजकुमार अग्रवल, योगेंद्र यादव, प्रियंका देवी, राजकिशोर जेना, अखिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, अर्जुन निषाद, अजय दास, अवधेश साव, अजय निषाद, बलराम हरी, राजेश हरी, विनेश भुइंया, संजय बाउरी, शंकर मुंडा, एबीवीपी नगर प्रमुख बिनेश वर्मा, बैजनाथ बाउरी, बैजनाथ कुमार, रत्नेश भुइंया, ब्रह्मानंद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: -JUIDCO/NIT/Gumla WSS/JMDP/2024/632
Date: 01/10/2024
Tender ID: - 2024_JWB_93042_1 PR No.: - 335634

Corrigendum- 1

All bidders are hereby informed that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for "Design, Build and 5 Year Operation Services of Water Supply System for Gumla Nagar Parishad Jharkhand". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.
Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 337865 Urban Development and Housing (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

" सूचना "

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष–2024–25 दिनांक–27.09.2024 का P.R. No.- 337513 Road (24-25)*D द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.10. 2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। | दिनांक 16.10. 2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल,रामगढ़

PR 337765 (Road)24-25*D

**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा**

-: आम सूचना :-

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत चतरा जिला को 11 (ग्यारह) पशु चिकित्सालय के लिए AMBULANCE (चलन्त पशु चिकित्सालय) उपलब्ध करायी गयी है। यह चलन्त पशु चिकित्सालय कार्य दिवस में 08:00 AM से 08:00 PM बजे तक सेवा देने हेतु उपलब्ध रहेगी। यह चलन्त पशु चिकित्सालय पशु के रोग की तीव्रता के अनुसार पशुपालक के घर जाकर अपनी सेवा देगी।

यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। इस चलन्त पशु चिकित्सालय की सेवा प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नं0 – 1962 पर डायल करें।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 337754 Animal Husbandry (24-25)_D

## दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**फुसरो-बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखण्ड के बेलडीह पंचायत स्थित न्यू अकील तुमाल क्लब, बेलडीह द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाई स्कूल, बेलडीह के सामने ग्राउंड में किया गया है। इसका समापन बुधवार को किया जायेगा। इसका शुभारंभ बेरमो विधायक का निजी सचिव विनोद महतो, 20 सूत्री सदस्य मुरलीधर साव, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष सह गांगजोरी पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष महतो, राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बाल को की मार कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस आयोजन के लिए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सहयोग प्रदान किया।

## छह सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नावाडीह (ऊपरघाट)।** डीवीसी बोकारो थर्मल नुरीनगर स्थित ऐश पौंड में कार्यरत 54 मजदूरों ने छः सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को डीवीसी छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य को अनिश्चितकालीन के लिए ठप कर दिया और धरना में बैठ गये। मजदूर नेता शहादत हुसैन, उमेश राम, प्रेमचंद महतो, इकबाल अंसारी कादीर हुसैन आदि मजदूरों ने बताया कि डीवीसी छाई ऐश पौंड निर्माण से लगातार आज दस वर्ष हो गये हैं। लेकिन मजदूरों का पहचान पत्र आज तक निर्गत नही किया गया है। मजदूरों के साथ रात या दिन में मजदूर अपने ड्यूटी आते समय कही प्रशासन के द्वारा चैकिंग लगाया जाता है उस समय मजदूरों के पास प्रशासन को दिखाने के लिए मजदूरों के पास कुछ नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। और ना मजदूरों को मास्टर रूल से पेमेंट, सभी मजदूरों को ईपीएफ, प्रत्येक महीना 10 तारीख से पहले भुगतान, सभी मजदूरों को पहचान पत्र, सभी मजदूरों को वार्षिक बोनस, महीने में मजदूरों को 04 दिन छुट्टी सहित अन्य समस्याओं के लिए मजदूर अपनी आवाज को 10 वर्षो से लगातार उठाते आ रहे हैं। लेकिन डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मजदूरों के हक अधिकार से वंचित रखने का काम करते आ रहे हैं। मजदूर अपने खून पशीना एक करके दिन रात डीवीसी और कंपनी के हित में काम करते हैं ताकि डीवीसी और कंपनी का मुनाफा हो। लेकिन डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मजदूरों के साथ शोषण जुल्म अत्याचार करने से कही नही चूकती है। जबकि मजदूरों के संघर्ष से ही डीवीसी और कंपनी खड़ी होती है। अगर डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मिलकर मजदूरों की मांग पर अगर पहल नहीं करती है तो मजदूर डीवीसी छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य अनिश्चित कालीन के लिए ठप रहेगा। मौके पर शहादत हुसैन कादिर हुसैन, इजराइल अंसारी, किशोर महतो, प्रेमचंद महतो, भागीरथ तुरी, उमेश राम, मुरारी, मुबारक अंसारी, साबिर हुसैन, जावेद अंसारी, निर्मल महतो, ताज मोहम्मद, अब्दुल लतीफ,भीम यादव, दिलीप राम,अब्दुल सलाम, जिब्रेल अंसारी, पुरन महतो, सुरेंद्र महतो, पवन महतो, नारायण महतो, महेश महतो, दुर्गा किस्कू, मनोज बेसरा, नरेश टुडु, जैबून निशा, पनवा देवी, इतवारिया देवी आदि लोग शामिल थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

अति अल्पकालीन "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0 04, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत कोडरमा जिला के जलाशयों तथा पुराने आर0एफ0एफ0 में मेजर कार्प तथा ग्रास कार्प के मत्स्य बीजों के संचयन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प के मत्स्य बीजों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/मत्स्य बीज उत्पादकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है –

1. मेजर कार्प 0.75 प्रति पीस एवं ग्रास कार्प 1.50 प्रति पीस के दर निर्धारित है, स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को जो इस वर्ष विभागीय स्पॉन प्राप्त कर मत्स्य अंगुलिका तैयार किये हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
2. मेजर कार्प अंगुलिका एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य अंगुलिका ही क्रय किये जाएगें।
3. मत्स्य अंगुलिका का जलाशय में संचयन उपायुक्त महोदय द्वारा गठित समिति एवं जलाशय के निबंधित सहयोग समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा।
4. स्थल निरीक्षण के उपरान्त भंडारित बीज की गुणवत्ता के आलोक में आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादक के चयन पर अन्तिम निर्णय लिया जाएगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा स्वतः परिवहन कर कोडरमा जिला के जलाशयों तक गुणवक्तायुक्त स्वास्थ्यकर अवस्था में बीज की गणना कर समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को संचयन करना होगा।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता–सह–मत्स्य बीज उत्पादक (जिनके पास मत्स्य बीज भंडारित है) जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा से निःशुल्क प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 09.10.2024 के अपराहन् 05:00 बजे तक "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आवेदन जमा कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 337763 (Fish)24-25*D

# सम में 'कानून और मनोचिकित्सा' नामक एक सीएमइ का किया गया आयोजन

**ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों के लगभग 160 मनोचिकित्सकों ने भाग लिया।**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मनोचिकित्सा विभाग, आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल द्वारा शनिवार को यहां 'कानून और मनोचिकित्सा' शीर्षक से एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों के लगभग 160 मनोचिकित्सकों ने भाग लिया। इस सीएमई में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी और अदालत कक्ष में अदालती कार्यवाही के लिए खुद को कैसे तैयार करना चाहिए, सीएमई का आयोजन अस्पताल द्वारा भारतीय मनोरोग सोसायटी (आईपीएस) राज्य शाखा के सहयोग से किया गया था। इस सीएमई के विभिन्न सत्रों में देश भर के पांच प्रख्यात मनोचिकित्सकों ने भाग लिया और चर्चा की। प्रख्यात मनोचिकित्सक प्रोफेसर (डॉ.) एस. नांबी ने 'विवाह, मानसिक बीमारी और भारतीय कानून' के बारे में चर्चा की, वहीं प्रोफेसर (डॉ.) नवीन कुमार ने 'कोर्ट रूम में मनोचिकित्सकों' के बारे में अपनी राय दी। इसी प्रकार, गया के प्रोफेसर (डॉ) लक्ष्मी नारायण ने 'मनोचिकित्सा में प्रमाणन' विषय पर चर्चा की। एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) इवान एस नेट्टो मनोचिकित्सा विभाग, बीजे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और सैसन अस्पताल और प्रोफेसर (डॉ) श्रीनिवास सिंगीसेटी ने चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईपीएस ओड़िशा शाखा के अध्यक्ष प्रो (डॉ) रजनी कांत शुक्ला ने की और कहा कि डॉक्टर जो लिखते हैं उसका चिकित्सकीय और कानूनी दोनों ही महत्व होता है।

इसी प्रकार, सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रबीर कुमार पटनायक ने 'कानून और मनोचिकित्सा के बीच अंतरसंबंध' के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएमएस और सम हॉस्पिटल के डीन प्रो. संघमित्रा मिश्र ने शिरकत की और कहा कि मेडिकल पेशे से जुड़े लोग कानूनी तौर पर कमजोर हैं और कहा कि यह सीएमई उनके लिए मददगार साबित होगी। इस कार्यक्रम में आईएमएस और सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार, मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) सुरजीत साहू, आईपीएस ओड़िशा शाखा के उपाध्यक्ष प्रो (डॉ) शुभेंदु नारायण मिश्र, जनरल एडिटर डॉ देवदता महापात्र, सीएमई समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार महापात्र और कार्यकारी संपादक डॉ. जितेंद्र बिस्वाल उपस्थित रहे और बक्तब्य रखे।

# किट-कीस के संस्थापक महान शिक्षाविद् प्रो अच्युत सामंत को 'महात्मा पुरस्कार' पुरस्कार से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर किट और किस के संस्थापक प्रो डॉ अच्युत सामंत को प्रतिष्ठित 'महात्मा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। आदित्य बिड़ला समूह द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रो डॉ सामंत को इन क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला। अपने भाषण में प्रो डॉ सामंत ने आभार व्यक्त किया और पुरस्कार को किट और किस परिवार को समर्पित किया। उन्होंने उरफ गुड बुक की संपादिका और महात्मा पुरस्कार की निदेशिका मुग्धा अरोड़ा के साथ-साथ आयोजन समिति को भी इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

# गांधी आश्रम सेक्टर 2 में महात्मा गांधी जयंती समारोह आज

- **सैमफोर्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती समारोह गांधी आश्रम सेक्टर 2 रांची में मनाया जायेगा। संस्थापक गांधी आश्रम एवं गांधी आश्रम परिवार, भारतीय जन कल्याण परिषद गांधीवादी मोख्तार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। इसमें सैमफोर्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स, जिसमें (हृदय, हड्डी, जेनरल एवं अन्य रोगों के डॉक्टर्स) एवं आईरिस नेत्र अस्पताल के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच पुस्तक वितरित की जायेगी। साथ ही 100 बुजुर्गों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1975 में गांधी आश्रम की स्थापना की गयी थी, उस समय से गांधी जयंती मानते आ रहे है।




# एनटीपीसी बोंगाइगांव क्यूसीएफआइ सीसीक्यूसी में कई स्वर्ण पदक जीते

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) सीसीक्यूसी 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, इसकी चार टीमों ने महत्वपूर्ण चुनौतियों के लिए अपने अभिनव समाधानों के लिए स्वर्ण पुरस्कार हासिल किए हैं। रसायन विज्ञान विभाग के दल यू-235 ने श्यामल बनर्जी (सहायक), अपूर्वज्योति दास (नेता), अनामिका दत्ता, सुभद्रा बासुमतारी और विद्युत देबनाथ के नेतृत्व में 24 सितंबर 2024 को कोलकाता चैप्टर में सीडब्ल्यू केमिकल डोजिंग सिस्टम की बार-बार अनुपलब्धता को संबोधित किया और स्वर्ण पदक जीता। सी एंड आई मेंटेनेंस एंड ऑपरेशन जीआर-बी की टीम सिंक्रोनी, जिसमें मोहम्मद मुकराम कुरैशी (फैसिलिटेटर), गौरव बरुआ (लीडर) और गुंजन राभा शामिल थे, ने उसी दिन कोलकाता चैप्टर में थ्रस्ट बेयरिंग टेंपरेचर फेल्योर के कारण मिल्स की बार-बार अनुपलब्धता से निपटा, जिससे उन्हें स्वर्ण पुरस्कार मिला। ऑपरेशन जीआर-डी की टीम लक्ष्य, जिसमें आदित्य निवसरकर (फैसिलिटेटर), राम रतन बर्मन (लीडर), अनिमेष हलदर, गकुल कुमार राय और क्वामडवन बासुमतारी शामिल थे, उन्होंने 29 सितंबर 2024 को वाराणसी चैप्टर में बॉटम ऐश ओवरफ्लो टैंक के बार-बार ओवरफ्लो के लिए अपना समाधान प्रस्तुत किया, जिससे एक और स्वर्ण पदक हासिल हुआ।

# एनटीपीसी में स्वच्छता पखवाड़ा और गतिविधियों की शृंखला आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी कोयला खनन/एनएमएल मुख्यालय, रांची में गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। इस संदर्भ में, स्थानीय गैर सरकारी संगठन-शहरी खेती के सहयोग से सीएमएचक्यू/ एनएमएल के कर्मचारियों के लिए अपशिष्ट पृथक्करण पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गयी। कार्यशाला में एक लाइव, इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण के मूल सिद्धांतों को समझने में मदद करना था, तथा उन्हें ठोस बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना था।

इसके अलावा, स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 सितंबर, 2024 को बजरा हाई स्कूल, रांची में आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**भारतीय रेल**

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 01.10.2024

**शुद्धिपत्र -XI**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 06.11.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.10.2024 को स्थगित कर 06.11.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in

3044/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **राजनीतिक दल झारखण्ड युवा विकास पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **टंडवा, गढ़वा** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :

सभापति/अध्यक्ष : **जागृति**, ग्राम-मुरमा कला, रामगढ़, झारखण्ड

महासचिव/सचिव : **विनय कुमार दुबे**, ग्राम-बरिगांवा, विश्रामपुर, पलामू

कोषाध्यक्ष : **विजय कुमार**, ग्राम- पतिला, पोस्ट-कांडी, जिला-गढ़वा

यदि किसी को झारखण्ड युवा विकास पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:-

1. **ई- नीलामी सूची:** पे एंड यूज शौचालय **ई-नीलामी सूची सं.:** पीएनयू-43-24, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 14.10.2024 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** धनबाद स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (आरक्षण कार्यालय के सामने) में प्री-फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए।

2. **ई- नीलामी सूची:** पार्किंग, **ई-नीलामी सूची सं.:** पार्किंग-39-24 **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 15.10.2024, 15.00 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर डीएवी स्कूल से धनबाद रेलवे स्टेशन के अंडर पास (एलएचएस) तक पहुंच मार्ग के बगल में/सटा हुआ 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड।
वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर अंडर पास (एलएचएस) से पुराना बाजार के संपर्क मार्ग के बगल में धनबाद रेलवे के मंदिर तक 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड

3. **ई- नीलामी सूची:** पार्सल स्कैनर। **ई-नीलामी सूची सं.:** एमआईएससी - पीएस-डीएचएन -8, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 15.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** 05 वर्षों के लिए धनबाद, बरकाकाना, गढ़वा रोड, डालटनगंज, गोमो, कोडरमा, चोपन, सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर स्थित (पार्सल कार्यालय) में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए ई-नीलामी।

4. **ई- नीलामी सूची:** बैटरी ओपरेटेड कार्ट। **ई-नीलामी सूची सं.:** बीओसी- डीएचएन-2-24, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 16.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** धनबाद रेलवे स्टेशनों के PF-01 से सर्कुलेटिंग एरिया तक बैटरी ओपरेटेड कार्ट की बॉडी पर विज्ञापन के साथ भुगतान के आधार पर यात्रियों को ले जाने के लिए बैटरी ओपरेटेड कार्ट की आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई-नीलामी में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी /समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

पीआर/01236/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24-25/80




# एनटीपीसी माइनिंग ने 2024-25 की पहली छमाही में शानदार प्रदर्शन किया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 19 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन करके शानदार प्रदर्शन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि दर्ज करता है और एनटीपीसी के बिजली स्टेशनों को लगभग 16% की वृद्धि के साथ 19.7 एमएमटी कोयला भेजा है। झारखंड के हजारीबाग क्षेत्र में बहुत भारी वर्षा के बावजूद, जहाँ एनटीपीसी की अधिकांश कोयला खदानें स्थित हैं, कंपनी ने वित्त वर्ष 24-25 की दूसरी तिमाही में 9.30 एमएमटी उत्पादन दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में 7.45 एमएमटी उत्पादन हुआ था।

**कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार**

**सूचना**

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या-09 में लिये गये निर्णयानुसार जिला परिषद के द्वारा बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में बस पडाव बरवाडीह के खाली भूमि पर 26 अदद् दूकानों का निर्माण कराया जाना है। जिला परिषद की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित कर इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर निविदा आमंत्रण कर दूकान का निर्माण कराया जाना है।

जिला परिषद कार्यालय, लातेहार से मो0 500/-(पांच सौ) रूपये मनी रसीद के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का बैंक ड्राफ्ट जमा कर आवेदन का विहित प्रपत्र एवं अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है:-

**दूकान निर्माण एवं आवंटन के संदर्भ में निम्नलिखित शर्ते निर्धारित है:-**

1. लॉटरी के द्वारा दूकाने आवंटित की जायेगी, जिसे सभी आवेदकों को स्वीकार करना अनिवार्य होगा। अस्वीकार करने पर सिक्यूरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा वे दूकान आवंटन के मामले में अयोग्य हो जायेंगे।
2. सभी 26 दूकानों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हो जाने के उपरांत दूकान निर्माण निविदा आमंत्रित कर संवेदक के माध्यम से स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार दूकानों का निर्माण कार्य कराया जाएगा।
3. दूकान के आवंटन हेतु लॉटरी निकालने की तिथि का निर्धारण **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की सहमति से किया जायेगा।
4. आवेदन पत्र के साथ सिक्युरिटी मनी के रूप में मो0 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो Refundable होगा जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में सचिव, जिला परिशद के नाम से भुगतेय होगा। लॉटरी के पश्चात तीन दिनों के अन्दर शेश प्राक्कलित राशि दूकान कमांक 01-17 के लिए मो0 1,45,000.00 रूपये तथा दूकान कमांक 18-26 तक के लिए मो0 1,66,000.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा अन्यथा आवंटन रद्द कर दिया जायेगा तथा सिक्युरिटी मनी जब्त कर लिया जायेगा। साथ ही साथ आवंटियों/लाभूकों को इन शर्तो की स्वीकार्यता के बारे में एक शपथ पत्र देना होगा।
5. प्राक्कलन के शिड्यूल दर में वृद्धि होने पर अर्थात भविष्य में दूकानों के निर्माण के कम में प्राक्कलित राशि बढ़ जाने पर बढ़ी हुई राशि जिला परिषद कार्यालय में लाभूकों/आवंटियों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा ताकि निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।
6. आवंटियों/लाभूकों को जिस जमीन पर दूकान भवन का निर्माण कर उपलब्ध कराया जायेगा उसपर आवंटियों को कोई स्वत्व (टाईटल) का अधिकार प्राप्त नहीं होगा बल्कि सर्वदा के लिए उक्त भूमि एवं दूकान जिला परिषद, लातेहार की रहेगी।
7. अन्तिम रूप से चयनित आवंटियों को सिक्यूरिटी मनी/दूकान बनाने हेतु जमा की गई प्राक्कलित राशि किसी भी अन्य कारण वापस नहीं की जायेगी।
8. आवंटियों/लाभूकों के बीच किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में विवादित मामले का समाधान **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जायेगा, जिसके अन्य सदस्य, सचिव, जिला परिषद, लातेहार तथा जिला अभियंता, लातेहार होंगे।
9. आवंटियों/लाभूकों को दूकान निर्माण कर अंतिम रूप से हस्तांतरण करने की तिथि से निर्धारित किराया की आधी राशि प्रत्येक माह मनी रसीद के द्वारा जिला परिषद, लातेहार के कार्यालय में नकद भुगतान करना होगा, शेष आधी राशि जमानत की राशि तथा दूकान निर्माण के लिए जमा राशि से समायोजित किया जाएगा। मासिक किराया का निर्धारण विभागीय प्रावधानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी-सह- किराया निर्धारण पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा।
10. आवेदकों का यह उत्तरदायित्व होगा कि विहित आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं अंतिम रूप से आवेदन जमा करने संबंधी प्राप्ति रसीद/मनी रसीद जिला परिषद कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लेंगे।
11. आवेदन पत्र की बिकी दिनांक 07/10/2024 से प्रारम्भ होगी।
12. आवेदकों से दूकानों के आवंटन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला परिषद कार्यालय में प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 08/10/2024 अपराहन् 05:00 बजे तक होगी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निर्गत इस सूचना में किसी भी प्रकार के अंशिक संशोधन, स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लातेहार

PR 337711 Rural Development(24-25)#D

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**